


बारिश में शुरू रहेगा काम, लेकिन तेज बारिश बन सकती है बाधा

मार्च 2025 में पूरा होना था काम हर दिन लोगों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति

कचना में ओवरब्रिज का कार्य अधूरा होने की वजह से रोजाना हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन के लिए लोगों को मजबूरी में संकरी सर्विस लेन से गुजरना पड़ता है, जिससे सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति बन जाती है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का कहना है कि इस बार उन्होंने रेलवे को कई बार पत्र लिखकर ड्राइंग और डिजाइन को स्वीकृति देने का अनुरोध किया था। इसके जवाब में रेलवे ने कहा कि डिजाइन का परीक्षण जारी है और वह जल्दबाजी में कोई ऐसा निर्णय नहीं लेना चाहता जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाए।

## आखिर मिली रेलवे की मंजूरी, कचना ब्रिज को गति मिलेगी, ट्रेनों की रफ्तार होगी धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विशेष खबर

कचना में बन रहे ओवरब्रिज का अधूरा कार्य लोगों के परेशानी का सबब बना हुआ है। लेकिन अब इसके जल्द पूरा होने की उम्मीद जगी है। रेलवे ने पीडब्ल्यूडी की ड्राइंग और डिजाइन को मंजूरी दे दी है। ओवरब्रिज रेलवे पटरी के ऊपर से होकर गुजरेगा जिसका कार्य ड्राइग डिजाइन के मंजूरी नहीं मिलने से ▶▶|शेष पेज 17 पर

### काम शुरू किया जाएगा

रेलवे की मंजूरी मिल चुकी है। अब काम जल्द शुरू किया जाएगा। इससे पहले रेलवे उस जगह से गुजरने वाली ट्रेनों की रफ्तार को धीमी करेगा। बारिश के दौरान कार्य किया जाएगा, लेकिन अत्यधिक वर्षा होने पर इसमें बाधा आ सकती है। - **सी.के. कोरी,** मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी

### मानकों के अनुसार जांच

रेलवे के मानकों के आधार पर परीक्षण पूरा कर फाइल आगे भेजी जा चुकी है। संभवतः मंजूरी मिल चुकी होगी। यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की पहली प्राथमिकता है, इसलिए हर स्तर पर मानकों के अनुसार जांच की गई है। - **अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएस

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

सीई को दिया गया जांच का जिम्मा, प्रकरणों की समीक्षा के बाद देंगे रिपोर्ट

# 36 ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने प्रभारी एसई ने 68 कार्यों का बढ़ाया समय, किए गए लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

लोक निर्माण विभाग में प्रभारी अधीक्षण अभियंता पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन्होंने 68 कार्यों में 36 ठेकेदारों को लाभ पहुंचाते हुए उनके कार्य सीमा को बढ़ा दिया। यह करीब 77 करोड़ रुपए के थे। सालभर में पूरा करना था लेकिन ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए समय बढ़ा दिया गया। विभाग के ईएनसी ने प्रभारी एसई डीएल टेकाम को जगदलपुर संभागीय मुख्यालय में अटैच कर दिया है। पूरे मामले में मुख्य अभियंता को जांच अधिकारी बनाया गया है।

मामले में यह बताया गया है कि संजय सूर्यवंशी अधीक्षण अभियंता कांकेर 19 से 27 मई तक अवकाश पर थे। अवकाश के दौरान डीएल टेकाम को प्रभारी एसई का चार्ज दिया गया था। एक सप्ताह के प्रभार में कार्यकाल के दौरान उन्होंने 68 ठेकेदारों के समय वृद्धि के प्रकरणों पर निर्णय लेकर आदेश जारी कर दिया। अवकाश में लौटने के बाद सूर्यवंशी ▶▶|शेष पेज 17 पर

## 77 करोड़ से अधिक के कार्य थे, एक साल में पूरा करना था, लेकिन नहीं हुआ

### क्या है नियम

शासकीय कार्यों में प्रभारी अधिकारी के द्वारा वित्तीय और महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पूर्व अपने उपर के अधिकारी से अनुमति लेनी होती है। यहां पर समय वृद्धि के प्रकरण में ऐसा नहीं करने के कारण कार्य में अनियमितता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इन कार्यों में से कई ठेकेदारों के कार्य संतोषजनक नहीं पाए गए थे। उनके कार्यों को भी प्रभारी एसई ने समय वृद्धि दे दी गई।



### खास बातें

- संजय सूर्यवंशी अधीक्षण अभियंता कांकेर 19 से 27 मई तक अवकाश पर थे
- अवकाश के दौरान डीएल टेकाम को प्रभारी एसई का चार्ज दिया गया था

### करना होगा भारी राशि का भुगतान

जिन कार्यों में समय वृद्धि की गई थी उनमें 25 कार्य आरआरपी योजना, 43 कार्य बजट के अंतर्गत स्वीकृत थे। इन सभी कार्यों में ठेकेदारों के द्वारा समय वृद्धि के प्रकरणों का निराकरण प्रभारी एसई के द्वारा किय गया। बताया गया है कि समय वृद्धि प्रकरण जो धारा 5 के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं, उसमें शासन को भारी सस्केलेशन की राशि का भुगतान करना पड़ेगा।

### तीन दर्जन ठेकेदार शामिल

जिन 68 कार्यों के समय वृद्धि का प्रकरण इसमें शामिल है, उनमें तीन दर्जन ठेकेदार को सीधे लाभ दिलाने का प्रयास किया गया था। मामले में 77 करोड़ से 55 लाख तक के कार्य शामिल थे। इन कार्यों की अवधि 1 साल या उससे अधिक थी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां पर ठेकेदारों द्वारा कार्य को जानबूझ कर लंबित और धीरे किया जाता है। बाद में समय वृद्धि के नाम पर अतिरिक्त भुगतान समयवृद्धि के नाम पर लिया जाता है।

## नाम वापसी के अंतिम दिन बड़ा उलटफेर, विजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद के चुनाव में मचे घमासान में शनिवार को नामांकन के अंतिम दिन बड़ा उलटफेर हुआ है। 11 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। इससे विजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किये गये। वे आगामी तीन वर्षो के लिए अग्रवाल सभा रायपुर के नए प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं। चुनाव अधिकारी रमेशचंद्र अग्रवाल, सह चुनाव अधिकारी विनय बजाज, प्रमोद जैन ने प्रत्याशियों की नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए विजय अग्रवाल को अग्रवाल सभा 2025-28 के लिए निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया।

- अग्रवाल सभा रायपुर का प्रदेश अध्यक्ष चुनाव
- 11 प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस

दरअसल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन जमा कराया गया था। शनिवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन रहा। इसमें सभी 11 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापसी के तहत ▶▶|शेष पेज 17 पर

## खबर संक्षेप



### शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट, पकड़ा गया

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने के आरोप में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पेशे से पेंटर भीमनगर निवासी प्रियांशु पटेल की शिकायत पर पुलिस ने तेलीबांधा निवासी जावेद खान को मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्रियांशु ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जावेद ने उससे शराब पीने पैसों की मांग की। पैसे नहीं देने पर जावेद ने प्रियांशु के साथ मारपीट की।

### मेडिकल कॉलेज के सामने लहराया हथियार, गिरफ्तार

रायपुर। बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मौदहापारा पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के सामने हथियार लहराने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी गोपाल साहू मूलतः आरंग का रहने वाला है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रवेश द्वार के पास मेनरोड पर हाथ में लोहे का धारदार हथियार रखकर हवा में लहराकर आने जाने वाले आम लोगों को डरा-धमका रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में बदमाश गोपाल साहू के कब्जे से लोहे का धारदार हथियार के साथ हिरासत में लिया। उसके पास धारदार हथियार मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



## बूझो तो जानें...




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि की टीम शनिवार को एक स्टोरी पर रायपुर से चंपारण जाने के लिए निकली थी। इस दौरान टीम कई गांव के रास्ते होते हुए ग्राम तोरला पहुंची, जहां एक खंबे में संकेत बोर्ड लगा मिला, जो बूझो तो जाने से कम नहीं था। इस बोर्ड पर संकेत तो मिले, लेकिन यह मार्ग कौन-कौन से गांव या शहर की ओर जाता है की नाम की पट्टी ही बोर्ड से गायब मिली। इस कारण से इस मार्ग से अनजान लोगों को गंतव्य स्थान की ओर जाने का सही मार्ग चुनने के लिए राहगीरों की मदद लेनी पड़ रही है। वैसे यह मार्ग राजिम, कुरुद, अभनपुर के अलावा अटल नगर की ओर जाता है, लेकिन बोर्ड में नाम की पट्टी क्षतिग्रस्त होकर गिर जाने के कारण आम लोगों को गंतव्य स्थान की ओर जाने लिए राहगीरों की मदद लेनी पड़ रही है। इस गांव के स्थानीय वासियों ने बताया कि बोर्ड को क्षतिग्रस्त हुए कई हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन इसे सुधारा नहीं गया है।




रायपुर से दिल्ली के बीच नियमित रूप से संचालित होती है दो फ्लाइट

# एयर इंडिया के भाव और किराया कम यात्रियों ने दूरी बनाई, दिल्ली अब 6500 में

घटना से पहले 10 हजार के ऊपर रहने वाला किराया अब 7 हजार में सिमटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की दहशत अभी भी कायम है। हादसे के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट में सफर करने वालों की संख्या घट गई है, जिसका सीधा असर उसके फेयर पर हुआ है। घटना से पहले एयर इंडिया की फ्लाइट में रायपुर से दिल्ली के बीच का फेयर 10 हजार से ऊपर होता था, जो अब 6500 से 7000 के बीच सिमट गया है। रायपुर से एयर इंडिया की मात्र दो फ्लाइट दिल्ली रायपुर दिल्ली के बीच संचालित होती है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से विभिन्न ▶▶|शेष पेज 17 पर

### ढाई साल पहले बंद हुई थी एक उड़ान




रायपुर विमानतल से मुंबई और विशाखापट्नम को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए 1993 से एयर इंडिया की फ्लाइट का संचालन किया जाता था। 15 साल तक यात्रियों को सफर की सुविधा देने के बाद इस वर्ष 2023 में बंद कर दिया गया था। इस फ्लाइट के बाद होने के बाद से लेकर अब तक मुंबई रायपुर के बीच इंडिगो द्वारा ही नियमित रूप से तीन फ्लाइट का संचालन किया जाता है।

### छुट्टियों पर 60 हजार से ज्यादा यात्री

गर्मी की छुट्टियों में रायपुर से बड़ी संख्या में यात्रियों ने दूसरे शहरों की यात्रा की है। विमानतल प्रबंधन के आंकड़ों के अनुसार मई और जून के पिछले सप्ताह तक रायपुर से 50 से 60 हजार यात्री आवाजाही कर रहे थे। छुट्टियां खत्म होने के पहले 90 फीसदी यात्रियों की घर वापसी हो चुकी है। अब बारिश का मौसम प्रारंभ होने के बाद हवाई सफर करने वालों की संख्या में भी कमी आ जाएगी।



॥ श्री गणेशाय नमः ॥ श्री बालाजी गारमेंट सेल

# LIMITED TIME OFFER
# MEGA SALE

## रायपुर के गुरूतेग बहादुर हॉल में लगने वाली है

### इस साल की सबसे बड़ी सेल-सिर्फ कुछ दिनों के लिए






3 पीस ट्राउज़र्स **1000/-**

**क्वालिटी कम्फर्ट फैंसी शर्ट** जिसकी शोरूम व ऑनलाइन प्राइस 800/- से 1000/- है, सेल से ले जाइये



**249/- में**

HOT DEALS!

**टी-शर्ट 149/- & 199/-**



**स्टाइलिश ब्रांडेड गर्ल टॉप**

जिसकी शोरूम व ऑनलाइन प्राइस 2000/- से 3000/- है, सेल से ले जाइये

**99/- व 149/- में**



ऑफर सिर्फ 36 घंटे के लिए।

जल्दी कीजिये




**क्लासिक ब्रांडेड प्रीमियम टी-शर्ट**

(शोरूम प्राइस 800/- से 1200/-)

**299/-**



कॉटन टॉवल **99/-**

कॉटन सैण्डो **49/-**

**क्लासिक ब्रांडेड प्रीमियम जीन्स**

(शोरूम प्राइस 1500/- से 2500/-)

**499/-**




**₹99 & ₹199**



**हैवी वेट साड़ियां और कुर्तियाँ**

जिनकी शोरूम प्राइस 3000/- से 4000/- है

**मात्र 99 & 199/- में**

(लॉट के भाव में)



FREE ENTRY

# श्री गुरुतेग बहादुर हॉल

FREE PARKING

## गढ़कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घड़ी चौक, रायपुर

sumit

ध्यान देवें : पहले आए - पहले पायें. भारी भीड़ को देखते हुए सेल सुबह 8:00 बजे खोल दी जाएगी

## खबर संक्षेप

### योग दिवस शाला प्रांगण में बच्चों व ग्रामीणों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में स्कूली बच्चों व जनप्रतिनिधियो सहित ग्रामीणो ने योग किया। शिविर प्रभारी डॉ. भूपेंद्र जांगड़े के मार्गदर्शन में यह 5 दिवसीय योग शिविर सम्पन्न हुआ। जिसके योग प्रशिक्षक शेष नारायण साहू, शिक्षक संजय कुमार यादव थे। इस योगाभ्यास प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण में क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच यशोदा साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, पूर्व सरपंच शिव कुमार हनुमन्ता, पंच रामजी साहू, अमरसिंह साहू, दामेश्वर साहू, ताकेश्वर साहू, प्रभारी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला प्रेमनारायण वर्मा, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला रोशन लाल शर्मा, शिक्षक संजय यादव, आलोक कुमार निषाद, विजय कुमार तिवारी, वेद प्रकाश सिंह, झनेंद्र कुमार निर्मलकर, ओम प्रकाश साहू, दामेश्वरी वर्मा, मंजू वर्मा, अनिरुद्ध सिंह प्रहलाद, देवानंद चक्रधारी, सुरेश कुमार धीवर आदि ने भाग लिया।

### रायपुर जिला सरपंच संघ का कार्यकारिणी सदस्य घोषित

**सिलयारी।** रायपुर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने विभिन्न पदों के लिए कार्यकारिणी घोषित किया है। जिसमें उपाध्यक्ष अशोक बंजारे, गौरव शर्मा तेजराम वर्मा, गोकुल कुर्रे, मधु, जय, किरण वर्मा, सचिव गजेंद्र यादव, दुष्यंत साहू, तेजराम पाल, रेखा, पहलाद वर्मा, दुलारी, अमरनाथ वर्मा, उमा, राहुल वर्मा, नीलम जोशी, सहसचिव किरण मल्होत्रा तारिणी साहू, किरण वर्मा, सूरज निषाद, हजारू निषाद, झालेश्वर निषाद, सुनीता, लेखू बैस ,रामनाथ कुर्रे , कोषाध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा प्रमुख ,सलाहकार क्रांति चंद्राकर रघुनाथ साहू , महासचिव विनय वर्मा को मनोनीत किया गया है ।

**दान : धरसींवा में सिद्ध हनुमान मंदिर निर्माण के लिए बढ़ रहे हैं हाथ**

# धरसींवा में सिद्ध हनुमान मंदिर का निर्माण जारी, शिव-दुर्गा के साथ त्रिवेणी संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा में आस्था और भक्ति का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। थाना धरसींवा के समीप बन रहे सिद्ध हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है, जहां हजारों भक्तगण अपना अमूल्य सहयोग देकर इस पुनीत कार्य को नई ऊंचाईयां दे रहे हैं। यह मंदिर मात्र ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि अटूट आस्था और गहरे विश्वास की नींव पर खड़ा हो रहा है। इस भव्य मंदिर में हनुमान जी के साथ भगवान शिव और माता दुर्गा की भी भव्य स्थापना होगी, जिससे यह स्थान त्रिवेणी संगम का रूप लेगा।

■ पुलिसकर्मियों की हनुमान जी में अटूट आस्था : फर्ज से पहले टेकते हैं माथा

इसी कड़ी में, शनिवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल और उनके धर्म रक्षक पुत्र नितिन अग्रवाल ने मंदिर निर्माण समिति को 1 लाख रुपए का नकद सहयोग प्रदान कर इस पवित्र कार्य में अपना हाथ बढ़ाया। इस अवसर पर, नितिन अग्रवाल ने भावुक होते हुए कहा, मंदिर निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। यह दरबार स्वयं भगवान हनुमान जी की कृपा से ही पूर्ण होगा। उनके इन शब्दों ने उपस्थित भक्तों में असीम उत्साह और अटूट विश्वास का संचार किया। इस पवित्र कार्य में भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री श्याम नारंग और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



### धरसींवा स्थित हनुमान मंदिर की महिमा निराली है : गौरीशंकर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने धरसींवा स्थित इस हनुमान मंदिर को ऐतिहासिक बताते हुए अपनी गहरी आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा, मैं जब भी इस मार्ग से गुजरता हूँ, मंदिर में अपना शीश झुकाए बिना नहीं जा पाता, क्योंकि इस मंदिर में स्वयं भगवान जी साक्षात विराजमान हैं।/" उनकी यह बात वर्षों पुरानी उस आस्था को दर्शाती है जो इस पवित्र स्थान से जुड़ी हुई है। आपको बता दें कि इस भव्य मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन एक माह पूर्व ही संपन्न हुआ था, जिसमें प्रदेश के गृह मंत्री श्री विजय शर्मा और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने उपस्थित होकर मंदिर के दिव्य भविष्य की आधारशिला रखी थी।

### धरसींवा की हनुमान जी में अटूट आस्था

थाना धरसींवा के पास स्थित भगवान हनुमान के प्रति पुलिसकर्मियों की भी असीम और गहरी आस्था है। यहाँ के पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर आने से पहले सबसे पहले हनुमान जी के चरणों में माथा टेकते हैं, फिर अपने फर्ज की ओर बढ़ते हैं। यह एक मार्मिक दृश्य है जो दर्शाता है कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने की कठिन चुनौतियों के बीच भी वे दैवीय शक्ति पर कितना विश्वास करते हैं। पुलिस की नौकरी में हर दिन अनिश्चितताएँ और खतरे होते हैं। अपराधियों का सामना करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ा और जोखिम भरा कार्य है। ऐसे में, हर सुबह हनुमान जी के दर्शन करना और उनका आशीर्वाद लेना उन्हें मानसिक शक्ति, साहस और शांति प्रदान करता है। यह उनके लिए सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को निष्ठा और निडरता से निभाने का एक प्रेरणा स्रोत है। वर्दी में सजे ये कर्मी जब हनुमान जी के सामने नतमस्तक होते हैं, तो यह दिखाता है कि वे अपने मानवीय और आध्यात्मिक मूल्यों को कितना महत्व देते हैं, भले ही उनका पेशा कितना भी कठिन क्यों न हो।

### *धरसींवा का हनुमान मंदिर सांस्कृतिक विरासत : श्याम नारंग*

*धरसींवा के सिद्ध हनुमान मंदिर के निर्माण में समाज के विभिन्न वर्गों से सहयोग और आस्था देखने को मिल रही है। भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री श्याम नारंग ने भी इस पुनीत कार्य में अपनी गहरी आस्था व्यक्त की है। श्री नारंग ने कहा, यह मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था का प्रतीक है। भगवान हनुमान की कृपा से यह भव्य मंदिर निश्चित रूप से पूरा होगा और क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र बनेगा। हम सभी को इस नेक कार्य में अपना योगदान देना चाहिए।/" उन्होंने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यों से समाज में सकारात्मकता और एकता का संचार होता है।*

### *कोल्हान से अवतरित हुए सिद्ध हनुमानजी की अनुपम महिमा*

*यह मंदिर जिस सिद्ध हनुमानजी को समर्पित है, उनकी महिमा और उद्भव की कहानी अपने आप में किसी चमत्कार से कम नहीं है। धरसींवा में पूजे जा रहे इन सिद्ध हनुमानजी का प्राकट्य धरसींवा से लगभग चार-पांच किलोमीटर दूर स्थित कोल्हान नाला से हुआ था। यह घटना उस समय की है जब भारत ब्रिटिश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। एक बार, धरसींवा थाना के सूबेदार एक जांच के सिलसिले में कोल्हान नाले के समीप गए हुए थे। जंहा उसे भगवान हनुमान जी मिले थे।*

### *नितिन का समाज सेवा में रहा है सराहनीय योगदान*

*धर्म रक्षक व समाज सेवक नितिन अग्रवाल के सहयोग से हनुमंत निर्माण समिति को बड़ी उम्मीदें जगी हैं। नितिन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के पुत्र हैं, और उनका समाज सेवा का ट्रैक रिकॉर्ड काफी प्रभावशाली रहा है। पिछले वर्ष ही श्री नितिन अग्रवाल ने क्षेत्र के श्रावण कुमार बनकर एक मिसाल पेश की थी। उन्होंने अंचल के लगभग 600 लोगों को 15 बसों में अयोध्या, काशी, बनारस और प्रयागराज जैसे पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन कराए थे। उनके इस कदम ने समाज सेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया था। अब मंदिर निर्माण में उनका सहयोग निश्चित रूप से इस पुनीत कार्य को और गति प्रदान करेगा। यह भव्य सिद्ध हनुमान मंदिर धरसींवा और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र बनने जा रहा है, जहाँ भगवान शिव और माता दुर्गा की भी भव्य स्थापना होगी। यह केवल एक धार्मिक संरचना नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक एकता का प्रतीक बनेगा।*

## प्राथमिक शाला कठिया प्रवेश उत्सव में नवप्रवेश बच्चों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




तिल्दा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला कठिया नंबर एक में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य घनश्याम प्रसाद वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक उदय राम वर्मा, संकुल समन्वयक नेमचंद धिवार, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य गण सम्मिलित हुए साथ ही साथ स्वसहायता समूह की समस्त महिला सदस्यों ने तथा ग्रामीण महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों को स्कूल गणवेश देकर और गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शाला की प्रधानाध्यापिका रीता सेन ने सर्वप्रथम समस्त शिक्षकों एवं बच्चों के साथ गांव मे भ्रमण कर जन जागरूकता जागृत करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में शाला के शिक्षक कृष्ण कुमार सेन, जनक राम वर्मा, दिलीप वर्मा, अमर दास मीरी एवं अनिल पैकरा सर सम्मिलित हुए।



## तिल्दा नेवरा में अवैध रेत भंडारण पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

शनिवार को खनिज विभाग की टीम तिल्दा नेवरा पहुंची और खनिज विभाग की टीम एवं तिल्दा राजस्व टीम तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी आदि की उपस्थिति में हाई स्कूल नेवरा मार्ग पर सब्जी मंडी के आगे नए एसडीम कार्यालय के सामने अवैध रूप से भारी संख्या में रेत और गिट्टी का भंडारण किया गया है। यहां पर 600 घन मीटर रेत एवं 300 घन मीटर गिट्टी रेत व गिट्टी भंडारण को जप्त की कार्रवाई की गई है, साथ ही खनिज विभाग के टीम व तहसीलदार ने बताया की शिकायत मिलने पर आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

## नाबालिग का अपहरण करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा




धरसींवा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाला आरोपी साबीर खान गिरफ्तार कर लिया गया है। वार्ड नंबर 7 का निवासी साबीर खान नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और लंबे समय से फरार चल रहा था। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी थी। आरोपी अपनी चालाकी दिखाते हुए नया मोबाइल और सिम कार्ड का उपयोग कर रहा था ताकि पुलिस उसे ट्रैक न कर सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने थाना धरसींवा और साइबर टीम को लगातार पतासाजी कर आरोपी को हर संभव गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण (टेक्निकल एनालिसिस) के आधार पर आखिरकार आरोपी साबीर खान को धर दबोचा और उसे जेल भेज दिया है।

## टीम कैट ने प्रिंसिपल कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने पराग चकोर बोरकर प्रिंसिपल कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी से मुलाकात की। उन्हें जीएसटी दिवस कांक्लेव के लिए कैट का सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा गया।

■ कांक्लेव के लिए सुझाव का सौंपा ज्ञापन

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि यह कांक्लेव भारत में वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य व्यापार संघों, कर पेशेवरों, उद्योग हितधारकों और नीति निर्माताओं के बीच सार्थक संवाद के लिए एक मंच प्रदान करना है। सत्र जीएसटी की उपलब्धियों, वर्तमान चुनौतियों और सरलीकरण तथा व्यापार करने में आसानी की दिशा में भविष्य की रूपरेखा पर केंद्रित होंगे। उन्होनें बताया कि यह कार्यक्रम में व्यापार को मार्गदर्शन देने और जीएसटी ढांचे के तहत हितधारकों द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए समर्पित बातचीत भी शामिल था।

कैट ने जीएसटी के संबंध में सुझाव दिया कि समय पर अपील दाखिल न कर पाने वाले मामलों में क्षमादान प्रदान करने एवं लंबित जीएसटीआर - 3 बी के लिए राहत प्रदान की जाये। इसी तरह अनुपालन रेटिंग का उपयोग करने संबंधी सुझाव शामिल है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



सरस्वती शिशु मंदिर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासाहोली में भी कार्यक्रम हुआ। सभापति रानी सौरभ जैन हुए उपस्थित। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानी जैन सभापति नगर पालिका तिल्दा नेवरा एवं पार्षद वार्ड क्र.21, विशेष अतिथि सौरभ जैन महामंत्री तिल्दा नेवरा, वार्ड 1 के पार्षद व सभापति ईश्वर यदु एंव अभिभावक कैलाश यदु भी उपस्थित थे। तत्पश्चात योग शिक्षक नरेश कुमार साहू के द्वारा ग्रीवायोग, स्कन्द योग, पादहसतासन, वृक्षासन ,ताड़ासन, वज्रासन, अर्धकटीचक्रासन, चक्रासन,त्रिकोणासन, भद्रासन, शशकासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम एवं ब्राह्मी प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया, मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन योग, आसन, प्राणायाम करना चाहिए । इससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास होता है।





### कूंरा के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**धरसीवां।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी निर्देश एवं समय अनुसार योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत कुंरा के सीएमओ, अध्यक्ष एवं समस्त वार्ड के पार्षद, नगर पंचायत कार्यालय के समस्त सदस्य, आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग से डॉ. इतिश्री, ज्योतिष साहू, समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों सहभागिता दिखाई। संस्था की प्राचार्या सुजाता बहल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से करते हुए सूक्ष्म व्यायाम एवं उनके महत्व को जानते हुए संकल्प के साथ समापन किया गया। योग दिवस के अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि वे जीवन में प्रतिदिन योग करेंगे एवं अपने परिवार एवं आस पड़ोस में भी सभी को योग करने प्रेरित करेंगे।

## पेज 15 के शेष

### आखिर मिली रेलवे...

रूका हुआ था। पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार, अब मंजूरी मिल गई है। काम को गति मिलेगी। मंजूरी मिलने के बाद अब पटरियों के ऊपर से गुजरने वाले हिस्से को तैयार किया जाएगा। बाकी दोनों तरफ के हिस्सों का निर्माण आखिरी चरण में है। ब्रिज निर्माण वाले हिस्से में ट्रेनों की रफ्तार को अस्थायी रूप से धीमा किया जाएगा, ताकि काम सुरक्षित ढंग से किया जा सके। पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता सी.के. कोरी ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि, रेलवे की मंजूरी मिल चुकी है और अब काम जल्द शुरू किया जाएगा। हालांकि बारिश के दौरान कार्य किया जाएगा, लेकिन अत्यधिक वर्षा होने पर इसमें बाधा आ सकती है। स्थानीय लोगों को इस ओवरब्रिज से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि निर्माण कार्य ठप होने से क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक जाम और आवागमन की समस्याएं बनी हुई थीं।

**मार्च 2025 में पूरा होना था काम-** कचना में 35 करोड़ की लागत से बन रहे ओवरब्रिज का काम 2023 में शुरू हुआ है। अप्रैल 2025 में पूरा करना था। लगभग काम पूरा हो चुका है केवल पटरी के ऊपर से गुजरने वाले हिस्से स्लैब डालना है। इस साल जनवरी के प्रथम सप्ताह और मार्च माह के अंतिम सप्ताह में भी अनुमति के लिए रेलवे को पत्र लिखा गया था। अब बारिश में स्लैब चढ़ाने का काम करने में दिक्कत हो सकती है।

### 36 ठेकेदारों को...

को मामले की जानकारी हुई, तो उन्होंने पूरे मामले पर ईएनसी से चर्चा करने के बाद वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उन्होंने प्रभारी एसई द्वारा लिए गए निर्णय पर रोक लगाने की मांग की। ईएनसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कांकेर मंडल के समय वृद्धि के प्रकरणों पर रोक लगाते हुए मुख्य अभियंता को जांच कर निर्णय लेने का आदेश जारी किया। उन्होंने मामले में सभी प्रकरणों की सुनवाई का निर्णय लेने का सुझाव दिया।

### नाम वापसी के अंतिम...

विशंभर अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, संजय चौधरी, हरिवल्लभ अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जयकिशन जाखोदिया, संजय अग्रवाल ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया। चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र अग्रवाल, सह चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन, विनय बजाज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय अग्रवाल को निर्वाचन प्रमाणपत्र दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अग्र बंधु उपस्थित रहे।

### एयर इंडिया के...

शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट में इंडिगो का दबदबा है। विस्तारा एयर लाइंस विलय के बाद दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में एयर इंडिया की दो फ्लाइट नियमित रूप से आवाजाही करती है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार दूसरी एयर लाइंस की तुलना में सुबह और शाम के शेड्यूल में संचालित होने वाली इस फ्लाइट का किराया अधिक रहता है। आमतौर में चौबीस घंटे पहले टिकट बुक कराने पर इस कंपनी की फ्लाइट में यात्रा करने के लिए लोगों को दस हजार से अधिक राशि खर्च करनी पड़ती थी। पिछले दिनों अहमदाबाद में इस कंपनी की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने और कुछ अन्य हादसों के बाद इस कंपनी की फ्लाइट में सफर करने से यात्री परहेज करने लगे हैं। रायपुर से दिल्ली के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट में भी यात्रियों की संख्या पहले की तुलना में कम हो गई है। इसका असर फ्लाइट के फेयर पर पड़ा है और अब एक दिन पहले भी बुकिंग कराने पर टिकट 65 सौ से 7 हजार के बीच आसानी से मिलने लगा है।

### कोनारी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधारोपण



**तिल्दा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम कोनारी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक वर्मा, प्रदीप वर्मा, अरविंद वर्मा, रवि वर्मा, हेमशंकर वर्मा, मधु वर्मा सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना था, बल्कि मातृ सम्मान के प्रतीक के रूप में पौधारोपण को भावनात्मक महत्व देना भी था।

## इजराइल-ईरान युद्ध से ड्राई फ्रूट्स के दाम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इजरायल-ईरान युद्ध के कारण ड्राई फ्रूट्स बाजार प्रभावित हो गया है। कीमतों में आग लग गई है। आने वाले समय में दाम और ज्यादा होने के आसार हैं। इस बार की दीपावली में ड्राई फ्रूट्स बहुत ज्यादा महंगे हो जाएंगे। वैसे इधर काजू की बंपर आवक के कारण इसके दाम जरूर कम हो गए हैं। काजू के दाम इस समय 680 रुपए किलो हो गए हैं, जो पहले हजार रुपए के आसपास थे, लेकिन बादाम, अंजीर, पिस्ता, किशमिश, अखरोट के दाम बढ़ गए हैं।

■ ईरान के मामरा बादाम के दाम 800 रुपए बढ़े

भारत ईरान से पिस्ता, किशमिश, और मामरा बादाम, जबकि अफगानिस्तान से खुबानी, अंजीर, और अखरोट आयात करता है। बदले में, भारत ईरान को बासमती चावल, चाय, मसाले, और चीनी निर्यात करता है। पाकिस्तान सीमा बंद होने से अफगान आपूर्ति ठप है, और इजरायल-ईरान युद्ध ने शिपिंग लागत बढ़ा दी है, जिससे भारत का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। व्यापारी सरकार से आयात शुल्क में राहत और वैकल्पिक आपूर्ति की मांग कर रहे हैं।

भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव और इजरायल-ईरान युद्ध के कारण ड्राई फ्रूट्स के बाजार में उथल-पुथल मच गई है। अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने से अफगानिस्तान से अंजीर, किशमिश, काली दाख, बादाम, और अखरोट की आपूर्ति रुक गई है। वहीं, मध्यपूर्व के शिपिंग रूट्स प्रभावित होने से ईरान से आने वाले पिस्ता और मामरा बादाम की कीमतों में तेजी आ गई है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, और ब्राजील से आयातित अखरोट, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, और ब्राजील नट्स के दाम 300 रुपए प्रति किलो बढ़ गए हैं। केसर की कीमत में करीब 60 रुपए प्रति ग्राम बढ़ोतरी हुई है।



### किसकी कितनी कीमत बढ़ी

राजधानी रायपुर के थोक कारोबारी अजय कृष्णनानी के मुताबिक ईरान से मामरा बादाम आता है। इसी बादाम को सौ फीसदी शुद्ध माना जाता है, क्योंकि इसमें तेल की मात्रा बहुत कम होती है। आमतौर पर इसी बादाम की डिमांड ज्यादा रहता है। इस बादाम की कीमत पहले 22 से 23 सौ रुपए किलो थी जो अब तीन हजार से 31 सौ रुपए थोक में हो गई है। चिल्हर में इसके दाम और ज्यादा हैं। जो किशमिश पहले 200 से 215 रुपए किलो थी, वह अब डबल हो गई है। यानी इसके दाम चार सौ रुपए हो गए हैं। दीपावली तक इसके दाम छह सौ रुपए तक जाने की संभावना है। अफगानिस्तान से आने वाला अंजीर जो पहले 900 से 950 रुपए था, वह 13 से 14 सौ रुपए और जो 1450 रुपए किलो था, वह अब दो हजार रुपए किलो हो गया है। इसी तरह से पिस्ता जो पहले नौ रुपए था, वह 12 सौ रुपए तक पहुंच गया है। मिठाई में डाला जाने वाला ग्रीन पिस्ता जो पहले 18 सौ से दो हजार तक मिल रहा था,वह अब तीन हजार रुपए हो गया है। अखरोट के दाम भी सौ रुपए तक बढ़ गए हैं। अखरोट अब छह सौ के स्थान पर सात सौ रुपए किलो हो गया है। रायपुर सहित प्रदेश में दिल्ली से ड्राई फ्रूट्स आते हैं। आमतौर पर दिल्ली बाजार में दो माह तक का स्टॉक रहता है, अभी इसलिए कीमत में ज्यादा असर नहीं है, लेकिन दिल्ली बाजार में स्टॉक समाप्त होने के बाद दाम और ज्यादा बढ़ सकते हैं। इस समय ईरान और अफगानिस्तान से ज्यादा माल नहीं आ रहा है। कुछ माल आ रहा है तो वह पाकिस्तान के स्थान पर दूसरे देशों से होकर आ रहा है। इसके कारण भी दाम ज्यादा हैं।

## खबर संक्षेप

### रायपुर में दो महीने के लिए होगा चातुर्मास

**रायपुर।** आचार्य प्रवर 1008 रामलाल की महती कृपा से रायपुर संघ को इस वर्ष शासन दीपिका महासती, मंजुला श्रीजी, सुसारिका श्रीजी, सुपर श्रीजी, सुरक्ति श्रीजी एवं सुनवनिधि श्रीजी ठाणा 5 का पावन वर्षावास प्राप्त हुआ है। गुरुवार को महासतीवर्या ने समता परिसर निवासियों, वीर परिवार एवं प्रवचन में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए चतुर्मास के प्रथम 2 महीने के लिए समता परिसर के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की है। आवासीय सहकारी समिति न्यू राजेंद्र नगर के समता परिवार के अध्यक्ष नरेश बाफना ने बताया कि समता परिसर निवासियों ने 2024 के पिछले चातुर्मास में जिस सेवा भावना से चातुर्मास को सफल बनाया, यह उसका ही सुपरिणाम है कि इस वर्ष पुनः यह शुभ अवसर हमको प्राप्त हुआ है। अब समता परिसर के सभी सदस्यों का यह दायित्व बनता है कि इस चातुर्मास का तप-त्याग, ज्ञानार्जन, संवर एवं संघ सेवा के साथ भरपूर लाभ लें।

### यादव समाज की बैठक आज

**रायपुर।** सर्व यादव समाज की बैठक 22 जून को रिंग रोड नंबर 1 छत्तीसगढ़ नगर स्थित हॉटल प्रकाश पैलेस में आयोजित की गयी है। जिसमें राज्य सरकार द्वारा यादव समाज की उपेक्षा को लेकर विचार मंथन के बाद रणनीति तय की जायेगी। कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र यादव ने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा यादव समाज को सिर्फ वोट बैंक का जरिया बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। न तो समाज से किसी को मंत्री बनाया गया न ही यादव समाज के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व का मौका दिया जा रहाहै। गौ सेवा आयोग, दुग्ध आयोग जैसे पदों में यादव समाज के प्रतिनिधि को मौका देना चाहिए। इस उपेक्षा को लेकर समाज जनों में नाराजगी व्याप्त है। इसी परिपेक्ष्य में सर्व समाज की बैठक रखी गयी है। ठेठवार यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव बताया कि बैठक में चर्चा के बाद रणनीति तय की जायेगी।

### गांड़ा समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह

**रायपुर।** गांड़ा समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागार में किया जायेगा। जिसमें दसवी, 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने उन्हें सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरायपाली विधायक चातुरी नंद, सिविल लाइन वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य संजना हियाल, पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड पार्षद रोनिता-प्रकाश जगत, पार्षद खगपति सोनी, गांड़ा महासभा के संयोजक रघुचंद निहाल, अध्यक्ष नारायण बाग, प्रदेश युवा अध्यक्ष बंटी निहाल, कार्यक्रम प्रभारी सुरेश बघेल, उपाध्यक्ष कमल सोना उपस्थित रहेंगे।

### सांसद बृजमोहन ने किया आपणो उत्सव का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव आपणो उत्सव का शुभारंभ शनिवार को लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर में किया। यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और युवा प्रतिभाओं को मंच देने का एक प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के बच्चों और युवाओं को न केवल अपनी कला और प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है, बल्कि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी जुड़ते हैं।

### निधन

### यशवंत सिंह झरिया

**रायपुर।** न्यू शांति नगर निवासी यशवंत सिंह झरिया का 21 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 जून को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अंजु झरिया के पति, आदित्य सिंह झरिया एवं अमरदीप सिंह झरिया के पिता थे।




# आधा दर्जन नए संक्रमितों के साथ 166 तक पहुंचा कोरोना, बड़ी राहत, 103 ठीक हो चुके

## 50 होम आइसोलेशन और 12 का अस्पताल में चल रहा इलाज, एक की पूर्व में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शनिवार को रायपुर समेत चार जिलों में आधा दर्जन नये केस के साथ कोरोना संक्रमितों का कुल आंकड़ा 166 तक पहुंच गया है। बड़ी राहत की बात यह है कि इनमें से 103 लोग कोविड वायरस को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। अभी 50 होम आइसोलेशन में और 12 विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं, जिसमें से दो गंभीर स्थिति में आईसीयू में मौजूद हैं। नांदगांव में एक संक्रमित की पूर्व में मौत हो चुकी है।

मौसम में हुए बदलाव और फिर से शुरू हुई जांच के बाद राज्य में कोरोना की उपस्थिति का पता चला है और नियमित रूप से कोविड के केस सामने आ रहे हैं। सबसे संतोष की बात यह है संक्रमण में रिकव्हरी भी सौ फीसदी नजर आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में अब तक राज्य में 166 लोगों को कोविड पॉजिटिव माना गया है, जिसमें से राजनांदगांव के एक मरीज की को-मार्बिडिटी की वजह से मौत हुई है। 103 लोग इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और 62 लोगों का इलाज चल रहा है। शनिवार को जांच में रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव में 1-1 और दुर्ग में तीन नये केस का पता चला है। वर्तमान में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जिले में सामने आए हैं।



### सावधानी बरतने की सलाह

चिकित्सकों के मुताबिक कोरोना के जो केस सामने आ रहे हैं, उनमें लक्षण सामान्य हैं। इसीलिए लोगों को होम आइसोलेशन में रहकर सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। अस्पताल में भर्ती मरीज दूसरी बीमारी के इलाज के लिये वहां तक पहुंचे थे और जांच के दौरान कोविड पॉजिटिव पाए गए थे। डाक्टरों के मुताबिक कोरोना अभी सर्दी-खांसी की समस्या से अधिक नहीं है। इसे लेकर भीड़ वाले इलाकों में थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आंबेडकर अस्पताल में इंफ्लुएंजा की समस्या लेकर आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है और लक्षण के आधार पर कोविड टेस्ट भी किया जा रहा है।

## एमसीएच अथवा डीएम की पढ़ाई करने 50 लाख की गारंटी देनी होगी

# सरकारी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई करने 18 डाक्टरों ने गिरवी रखी 25 लाख की जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद अनुबंध सेवा कर रहे 18 डाक्टरों ने 25 लाख रुपये कीमत की जमीन सरकार के पास गिरवी रखी, वहीं 11 डाक्टरों ने इतनी राशि बैंक में जमा कर गारंटी ली है। नियम के मुताबिक पढ़ाई पूरी करने के बाद अगर डाक्टर अनुबंध सेवा पूरी नहीं करेंगे, तो उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। यही नहीं, पीजी की पढ़ाई पूरी करने के बाद सुपरस्पेशलिटी कोर्स की पढ़ाई करने के लिए 50 लाख रुपए अथवा उतने की संपत्ति की जरूरत होगी।

- **अनुबंध सेवा से जुड़े हुए, नियम का पालन नहीं तो जब्त होगी जमानत**

नियम के मुताबिक शासकीय मेडिकल कालेज में डाक्टरी की पढ़ाई करने वालों को दो साल अनुबंध सेवा के तहत शासकीय हेल्थ सेंटरों में अनिवार्य रूप से अपनी सेवा देनी होती है। इसे लेकर पढ़ाई शुरू करने के पहले दस्तावेजी प्रक्रिया के तहत उन्हें नियम के पालन के लिए गारंटी देनी होती है। बांड सेवा के दौरान 34 डाक्टरों ने एमडी-एमएस की पढ़ाई के लिए आवेदन किया है और इसके लिए अपनी जमीन अथवा राशि शासन के सामने गिरवी रखा है। 18 डाक्टरों ने राजस्व अधिकारियों से 25 लाख रुपए कीमती जमीन का मूल्यांकन कर संबंधित दस्तावेज अपने आवेदन के साथ जमा कराया गया है। वहीं 12 चिकित्सकों ने उतनी ही राशि बैंक में जमा कराने के बाद अनुबंध सेवा का पालन नहीं करने पर राशि जब्त करने का अधिकार चिकित्सा शिक्षा विभाग को दिया है और चार लोगों ने गारंटी की प्रक्रिया दूसरे तरीके से पूरी की है।

आने वाले दिनों में पीजी की पढ़ाई पूरी करने के बाद एमसीएच एवं डीएम की पढ़ाई करने वालों को यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी और इसके लिए उन्हें पचास लाख की बैंक गारंटी अथवा जमीन की व्यवस्था करनी पड़ेगी।



### चिकित्सा छात्रों ने कहा- मौलिक अधिकार का हनन

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह और सीजीडीएफ के डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि यह शिक्षा के अधिकार का मौलिक हनन है। जमानत राशि जमा कराने के इस नियम का काफी समय से विरोध हो रहा है और छात्रों द्वारा इसे शिथिल करने की मांग की जा रही है। उनका तर्क है कि हर छात्र की माली हालत ऐसी नहीं होती, जिसके पास इतनी बड़ी राशि अथवा संपत्ति हो। इस वजह से की जिम्मेदार अधिकारियों और स्वास्थ्य मंत्री से कई बार मुलाकात की जा चुकी है, मगर अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### सुधार कर मेरिट लिस्ट जारी, दो दिन दावा आपत्ति

एमबीबीएस की बॉड पोस्टिंग की ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिये सुधार कर मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई। प्रावीण्य सूची बनाने के लिए पिछले चार साल के प्राप्तांकों के आधार पर प्रतिशत तय करने के बाद तैयार किया गया है। 655 लोगों के इस लिस्ट पर 21-22 जून को दावा आपत्ति मंगाई गई है। इस दौरान जगदलपुर में बाहरी डाक्टरों की नियुक्ति पर सवाल खड़ा किया है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन को स्थानीय चिकित्सकों ने बताया है कि बाहर क्षेत्र के चिकित्सकों की नियुक्ति की वजह से वहां बांड पोस्टिंग के लिए यहां पद रिक्त नहीं होना है।

# नियम एक महीने में नक्शा पास करने का, खामी बताकर लटका रहे प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर निगम सीमा क्षेत्र में खाली भूखंड पर भवन निर्माण का नक्शा पास कराने ऑनलाइन सिस्टम होने के बाद भी लोग महीनों तक परेशान हो रहे हैं। लोक सेवा गारंटी के तहत भवन अनुज्ञा को लिए जाने के साथ ही 1 रुपए की पावती लेकर इसके लिए इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाती है। निर्धारित समय सीमा में आवेदक के प्रकरण में ऑनलाइन नक्शा पास कर उपलब्ध कराने का सिस्टम है। इसके बाद भी आवेदन के 2 से 3 माह बीतने के बाद प्रकरण लंबित पड़े हैं। हालत ये है कि नगर निगम के पास हर माह औसतन 200 ऑनलाइन आवेदन नक्शा पास कराने शहर के विभिन्न हिस्सों से मिल रहे हैं, जबकि इनमें से केवल 50 आवेदक के प्रकरण में समय पर नक्शा पास कर दिया जा रहा है। 150 आवेदकों के आवेदन खामी बताकर लंबित कर दिए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भुक्तभोगियों द्वारा कलेक्टोरेट में आला अधिकारियों के पास शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है।

- **खाली भूखंड पर निर्माण के लिए नक्शा पास कराने पब्लिक परेशान**
- **हर महीने 200 ऑनलाइन आवेदन, मंजूरी समय सीमा में महज 50 की, 150 पेंडिंग**

भूखंड धारियों को नगर निगम से भवन निर्माण के लिए नक्शा पास कराने में पसीना छूट रहा है। सूत्रों के मुताबिक तीन माह में नगर निवेश के पास 700 से अधिक ऑनलाइन आवेदन भवन अनुज्ञा के प्राप्त हो रहे हैं। नियम अनुसार आवेदनकर्ता को 1 रुपए की टोकन राशि से पावती देकर 1 माह के भीतर निर्धारित दस्तावेज संलग्न करने पर नक्शा पास करना है, पर धरातल पर स्थिति इसके ठीक उलट है।





### नक्शा पास कराने इस तरह से शुल्क

विकास शुल्क, सड़क बाधा शुल्क, 1500 वर्गफीट से अधिक के निर्माण पर रैनवाटर हार्वेस्टिंग शुल्क, उपकर के रूप में निर्माण लागत का 1 फीसदी देय।

### आउटर के इलाकों से ज्यादातर शिकायत

राजधानी के आउटर स्थित कचना, आमासिवनी, दलदल सिवनी, सड्डू, मठपुरैना, भाठागांव, रायपुरा क्षेत्र के भूखंड मालिकों को निर्माण से पूर्व नक्शा पास कराने में ज्यादा परेशानी आ रही है। इसी तरह डूंडा, बोरियाखुर्द, देवपुरी में कमोबेश यही स्थिति देखी जा रही है।

### 1000 आर्किटेक्ट निगम से पंजीकृत, ऑनलाइन आवेदन

रायपुर नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में भवन अनुज्ञा पारित कराने संबंधी कार्य के लिए निगम से 1000 आर्किटेक्ट पंजीकृत हैं, जो शहरभर में आवेदकों द्वारा नक्शा पास कराने के ऑनलाइन का निर्धारित दस्तावेज की जांच कर प्रापर अपलोड करने में सहयोग करते हैं। दिक्कत फीस जनरेट करने में लेटलतीफी को लेकर है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के जोन में बैठे इंजीनियर निर्धारित दस्तावेज अपलोड होने के बाद भी पोस्ट एप्रूवल फीस जनरेट नहीं करते। इसके एवज में आवेदकों से अतिरिक्त राशि की अनाप-शनाप डिमांड की जाती है। इसमें मोलभाव की शिकायत भी आ रही है। इसके कारण मार्च का केस भी जून के तीसरे सप्ताह तक लंबित है।

# टीम कैट ने प्रिंसिपल कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने पराग चकोर बोरकर प्रिंसिपल कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी से मुलाकात की। उन्हें जीएसटी दिवस कांक्लेव के लिए कैट का सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा गया।

- **कांक्लेव के लिए सुझाव का सौंपा ज्ञापन**

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि यह कांक्लेव भारत में वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य व्यापार संघों, कर पेशेवरों, उद्योग हितधारकों और नीति निर्माताओं के बीच सार्थक संवाद के लिए एक मंच प्रदान करना है। सत्र जीएसटी की उपलब्धियों, वर्तमान चुनौतियों और सरलीकरण तथा व्यापार करने में आसानी की दिशा में भविष्य की रूपरेखा पर केंद्रित होंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम में व्यापार को मार्गदर्शन देने और जीएसटी ढांचे के तहत हितधारकों द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए समर्पित बातचीत भी शामिल था।

कैट ने जीएसटी के संबंध में सुझाव दिया कि समय पर अपील दाखिल न कर पाने वाले मामलों में क्षमादान प्रदान करने एवं लंबित जीएसटीआर - 3 बी के लिए राहत प्रदान की जाये। इसी तरह अनुपालन रेटिंग का उपयोग करने संबंधी सुझाव शामिल है।

# इजराइल-ईरान युद्ध से ड्राई फ्रूट्स के दाम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इजरायल-ईरान युद्ध के कारण ड्राई फ्रूट्स बाजार प्रभावित हो गया है। कीमतों में आग लग गई है। आने वाले समय में दाम और ज्यादा होने के आसार हैं। इस बार की दीपावली में ड्राई फ्रूट्स बहुत ज्यादा महंगे हो जाएंगे। वैसे इधर काजू की बंपर आवक के कारण इसके दाम जरूर कम हो गए हैं। काजू के दाम इस समय 680 रुपए किलो हो गए हैं, जो पहले हजार रुपए के आसपास थे, लेकिन बादाम, अंजीर, पिस्ता, किशमिश, अखरोट के दाम बढ़ गए हैं।

- **ईरान के मामरा बादाम के दाम 800 रुपए बढ़े**

भारत ईरान से पिस्ता, किशमिश, और मामरा बादाम, जबकि अफगानिस्तान से खुबानी, अंजीर, और अखरोट आयात करता है। बदले में, भारत ईरान को बासमती चावल, चाय, मसाले, और चीनी निर्यात करता है। पाकिस्तान सीमा बंद होने से अफगान आपूर्ति ठप है, और इजरायल-ईरान युद्ध ने शिपिंग लागत बढ़ा दी है, जिससे भारत का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। व्यापारी सरकार से आयात शुल्क में राहत और वैकल्पिक आपूर्ति की मांग कर रहे हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव और इजरायल-ईरान युद्ध के कारण ड्राई फ्रूट्स के बाजार में उथल-पुथल मच गई है। अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने से अफगानिस्तान से अंजीर, किशमिश, काली दाख, बादाम, और अखरोट की आपूर्ति रुक गई है। वहीं, मध्यपूर्व के शिपिंग रूट्स प्रभावित होने से ईरान से आने वाले पिस्ता और मामरा बादाम की कीमतों में तेजी आ गई है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, और ब्राजील से आयातित अखरोट, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, और ब्राजील नट्स के दाम 300 रुपए प्रति किलो बढ़ गए हैं। केसर की कीमत में करीब 60 रुपए प्रति ग्राम बढ़ोतरी हुई है।



### किसकी कितनी कीमत बढ़ी

राजधानी रायपुर के थोक कारोबारी अजय कृष्णनानी के मुताबिक ईरान से मामरा बादाम आता है। इसी बादाम को सौ फीसदी शुद्ध माना जाता है, क्योंकि इसमें तेल की मात्रा बहुत कम होती है। आमतौर पर इसी बादाम की डिमांड ज्यादा रहता है। इस बादाम की कीमत पहले 22 से 23 सौ रुपए किलो थी जो अब तीन हजार से 31 सौ रुपए थोक में हो गई है। चिल्हर में इसके दाम और ज्यादा हैं। जो किशमिश पहले 200 से 215 रुपए किलो थी, वह अब डबल हो गई है। यानी इसके दाम चार सौ रुपए हो गए हैं। दीपावली तक इसके दाम छह सौ रुपए तक जाने की संभावना है। अफगानिस्तान से आने वाला अंजीर जो पहले 900 से 950 रुपए था, वह 13 से 14 सौ रुपए और जो 1450 रुपए किलो था, वह अब दो हजार रुपए किलो हो गया है। इसी तरह से पिस्ता जो पहले नौ रुपए था, वह 12 सौ रुपए तक पहुंच गया है। मिठाई में डाला जाने वाला ग्रीन पिस्ता जो पहले 18 सौ से दो हजार तक मिल रहा था,वह अब तीन हजार रुपए हो गया है। अखरोट के दाम भी सौ रुपए तक बढ़ गए हैं। अखरोट अब छह सौ के स्थान पर सात सौ रुपए किलो हो गया है। रायपुर सहित प्रदेश में दिल्ली से ड्राई फ्रूट्स आते हैं। आमतौर पर दिल्ली बाजार में दो माह तक का स्टॉक रहता है, अभी इसलिए कीमत में ज्यादा असर नहीं है, लेकिन दिल्ली बाजार में स्टॉक समाप्त होने के बाद दाम और ज्यादा बढ़ सकते हैं। इस समय ईरान और अफगानिस्तान से ज्यादा माल नहीं आ रहा है।

# करोड़ों की ठगी के आरोपी आबिदी का डीएसपी के साथ कथित चैट वायरल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों पटवारी के पति को ब्लैकमेल कर एक करोड़ की ठगी के आरोप में गिरफ्तार हसन आबिदी का एक पुलिस अधिकारी के साथ किए गए ट्विट तथा वाट्सएप चैट का स्क्रीन शॉट वायरल होने से हड़कंप मच गया है। पुलिस विभाग के उस अफसर पर जासलाज को ब्लैकमेलिंग तथा ठगी करने में मदद करने के आरोप लग रहे हैं।

- **ठगी करने वाले की पुलिस अफसरों की मिलिभगत के मिल रहे**

सूत्रों के मुताबिक जिस डीएसपी रैंक के जिस अधिकारी के साथ जालसाज का चैट वायरल हुआ है, उस पुलिस अफसर की पहुंच अफसरों के साथ नौकरशाह संचालित करने वाले तत्कालीन तंत्र के साथ होने की बात सामने आई है। जालसाज हसन आबिदी ने अपने सोशल अकाउंट में कई बड़े नेताओं के साथ फोटो अपलोड किया है। जिस अधिकारी के साथ जालसाज के चैटिंग की बात सामने आई है, उक्त अधिकारी पुलिस विभाग के एक महत्वपूर्ण विंग में पदस्थ रहे हैं।

**ईडी डायरेक्टर के नाम से फर्जी शिकायत पत्र :** जालसाज का डीएसपी के साथ वायरल ट्विट में आरोपी हसन द्वारा ईडी के डायरेक्टर के नाम पर एक फर्जी शिकायत पत्र के उल्लेख होने की बात सामने आई है।





### डीएसपी अपने ही विभाग को गाली दे रहा

कथित वाट्सएप चैट में डीएसपी द्वारा अपने ही विभाग के लिए अपशब्द लिखा है। इसके जवाब में जालसाज लिखता है...कोई बात नहीं जब आप एसएसपी बन जाएंगे, तब सबको डांटना। इसके बाद डीएसपी ओके का जवाब देता है। अंत में जालसाज ने डीएसपी से महिला पटवारी के केस को देख लेने की बात का उल्लेख किया है। दोनों के बीच चैट 15 अक्टूबर 2024 का है। इसके बाद 22 दिसंबर 2024 को दोनों के बीच वाट्सएप कॉल से बात होती है।

## पेज 15 के शेष

### आखिर मिली रेलवे...

रूका हुआ था। पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार, अब मंजूरी मिल गई है। काम को गति मिलेगी। मंजूरी मिलने के बाद अब पटरियों के ऊपर से गुजरने वाले हिस्से को तैयार किया जाएगा। बाकी दोनों तरफ के हिस्सों का निर्माण आखिरी चरण में है। ब्रिज निर्माण वाले हिस्से में ट्रेनों की रफ्तार को अस्थायी रूप से धीमा किया जाएगा, ताकि काम सुरक्षित ढंग से किया जा सके। पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता सी.के. कोरी ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि, रेलवे की मंजूरी मिल चुकी है और अब काम जल्द शुरू किया जाएगा। हालांकि बारिश के दौरान कार्य किया जाएगा, लेकिन अत्यधिक वर्षा होने पर इसमें बाधा आ सकती है। स्थानीय लोगों को इस ओवरब्रिज से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि निर्माण कार्य ठप होने से क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक जाम और आवागमन की समस्याएं बनी हुई थीं।

**मार्च 2025 में पूरा होना था काम :** कचना में 35 करोड़ की लागत से बन रहे ओवरब्रिज का काम 2023 में शुरू हुआ है। अप्रैल 2025 में पूरा करना था। लगभग काम पूरा हो चुका है केवल पटरी के ऊपर से गुजरने वाले हिस्से स्लैब डालना है। इस साल जनवरी के प्रथम सप्ताह और मार्च माह के अंतिम सप्ताह में भी अनुमति के लिए रेलवे को पत्र लिखा गया था। अब बारिश में स्लैब चढ़ाने का काम करने में दिक्कत हो सकती है।

### 36 टेकेदारों को...

को मामले की जानकारी हुई, तो उन्होंने पूरे मामले पर ईएनसी से चर्चा करने के बाद वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उन्होंने प्रभारी एसई द्वारा लिए गए निर्णय पर रोक लगाने की मांग की। ईएनसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कांकेर मंडल के समय वृद्धि के प्रकरणों पर रोक लगाते हुए मुख्य अभियंता को जांच कर निर्णय लेने का आदेश जारी किया। उन्होंने मामले में सभी प्रकरणों की सुनवाई का निर्णय लेने का सुझाव दिया।

### नाम वापसी के अंतिम...

विशंभर अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, संजय चौधरी, हरिवल्लभ अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जयकिशन जाखोदिया, संजय अग्रवाल ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया। चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र अग्रवाल, सह चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन, विनय बजाज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय अग्रवाल को निर्वाचन प्रमाणपत्र दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अग्र बंधु उपस्थित रहे।

### एयर इंडिया के...

शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट में इंडिगो का दबदबा है। विस्तारा एयर लाइंस विलय के बाद दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में एयर इंडिया की दो फ्लाइट नियमित रूप से आवाजाही करती है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार दूसरी एयर लाइंस की तुलना में सुबह और शाम के शेड्यूल में संचालित होने वाली इस फ्लाइट का किराया अधिक रहता है। आमतौर में चौबीस घंटे पहले टिकट बुक कराने पर इस कंपनी की फ्लाइट में यात्रा करने के लिए लोगों को दस हजार से अधिक राशि खर्च करनी पड़ती थी। पिछले दिनों अहमदाबाद में इस कंपनी की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने और कुछ अन्य हादसों के बाद इस कंपनी की फ्लाइट में सफर करने से यात्री परहेज करने लगे हैं। रायपुर से दिल्ली के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट में भी यात्रियों की संख्या पहले की तुलना में कम हो गई है। इसका असर फ्लाइट के फेयर पर पड़ा है और अब एक दिन पहले भी बुकिंग कराने पर टिकट 65 सौ से 7 हजार के बीच आसानी से मिलने लगा है।

# जैतूसाव मठ में फर्जीवाड़ा के आरोप बेबुनियाद- महंत आशीष तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जैतूसाव मठ की धरमपुरा स्थित तीन सौ करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति के फर्जीवाड़ा के मामले में महंत राम आशीष तिवारी ने मठ के प्रमुख अजय तिवारी द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को बेबुनियाद और गलत बताया है। उनका कहना है कि जिस जमीन के नामांतरण को लेकर उन पर आरोप लगाए जा रहे हैं, वह जमीन ट्रस्ट की नहीं है। यह निजी जमीन का मामला है, जिसे अजय तिवारी और उसके सहयोगी लोग ट्रस्ट की बताकर मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।



जैतूसाव मठ की 300 करोड़ की संपत्ति का फर्जीवाड़ा, तहसीलदार के खिलाफ बैठेगी जांच कमेटी

रिकार्ड रूम में रखे दस्तावेज में छेड़छाड़ कर नामांतरण करने की आशंका

महंत आशीष तिवारी ने बताया कि संभाग आयुक्त ने जिस नामांतरण के आदेश को निरस्त किया है, वह हनुमान मंदिर और गोपीदास मंदिर की प्रॉपर्टी से संबंधित है। यह जमीन जैतूसाव मठ की नहीं, बल्कि निजी जमीन है। उन्होंने बताया कि जैतूसाव मठ एक पंजीकृत न्यास है, जिसका पंजीयन लोक न्यास अधिनियम 1951 के अंतर्गत पंजीकृत न्यास है, जिसका पंजीयन 39,55 है। यह न्यास पंजीकृत होने के साथ हिन्दू धार्मिक आस्था का एक बड़ा केंद्र भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में न्यास शासकीय एवं न्यायालीन आदेशाानुसार भंग है एवं न्यास में अजय तिवारी एवं महेंद्र अग्रवाल स्वयंभू पदाधिकारी बनकर असत्य एवं भ्रामक जानकारी देकर मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि मठ के संबंध में कई प्रकरण हाईकोर्ट एवं तहसील रायपुर में लंबित हैं।

# रायपुर में वक्फ की 500 करोड़ की संपत्ति पर कब्जा, अब होगी सीबीआई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के साथ रायपुर जिले में ही छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की पांच सौ करोड़ की संपत्ति पर कब्जा है। इसको लेकर वक्फ बोर्ड ने अब सीबीआई जांच कराने का फैसला किया है। वक्फ बोर्ड के अध्य डा. सलीम राज ने कहा, मंगलवार को प्रदेश सरकार को सीबीआई जांच का प्रस्ताव भेजा जाएगा। 562 अवैध कब्जाधारियों को कई बार नोटिस दिया जा चुका है। इस पूरे मामले की दिल्ली में वक्फ अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात करके पूरी जानकारी भी दी। प्रदेश भर में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर वक्फ बोर्ड ने बड़ा एक्शन ले रहा है। रायपुर जिले में ही 500 करोड़ की संपत्ति की फर्जी रजिस्ट्री का मामला सामने आया है। इस मामले में बोर्ड ने 562 कब्जाधआरियों को नोटिस दिया था। इसमें से 125 ने समय मांगा था, बाकी को 437 को 30 मई को अंतिम नोटिस थमाया गया। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का साफ कहना है, वक्फ की संपत्ति पर काबिज हैं तो किराया देना होगा नहीं तो बेदखल कर दिए जाएंगे। राजधानी रायपुर के तीन सहित रायपुर जिले के 17 लोगों के साथ किरायानामा का अनुबंध हो गया है। जिन 437 को नोटिस दिया गया है, उसमें रायपुर के भी 40 लोग शामिल हैं। इसमें राजधानी रायपुर के मालवीय रोड के लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, एवन बेकरी, सुप्रीम फुटवियर, पगारिया ज्वेलर्स सहित कई दुकानदार शामिल हैं। वक्फ अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना है किसी भी हाल में वक्फ की संपत्ति पर किसी को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा।

वक्फ की एक-एक जमीन को कब्जा मुक्त कराएंगे। जो भी लोग संपत्ति वक्फ की न होने का दावा कर रहे हैं, वो गलत है। हमने सारे दस्तावेज देखने के बाद ही नोटिस जारी किए हैं।

**वक्फ के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज बोले- राज्य सरकार को भेजेंगे मंगलवार को प्रस्ताव**




### फर्जीवाड़ा करके जमीन पर कब्जा

इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है, रायपुर के दुकानदारों के साथ ही रायपुर जिले से जिनके भी जवाब आए हैं, उन जवाबों से बोर्ड संतुष्ट नहीं है। फर्जीवाड़ा करके जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया, जो खुद किराएदार रहे हैं वो भला कैसे किसी को जमीन बेच सकते हैं। पूरी तरह से फर्जीवाड़ा करके वक्फ की संपत्ति को बेचने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, प्रदेश में जहां-जहां भी वक्फ की जमीन पर कब्जा है, उसको मुक्त कराया जाएगा। बिलासपुर में भी निरीक्षण किया गया है। वहां पर जितनी संपत्ति पर कब्जा है, उनको नोटिस दिया गया। प्रदेश में अन्य जिलों में भी दौरा करके देखा जाएगा कहां पर कितनी जमीन पर कब्जा है।

## खबर संक्षेप

### फरार चाकूबाज बाप बेटा पकड़े गए



**रायपुर।** पुरानी दुश्मनी के चलते युवक को चाकू मारकर फरार हुए बाप-बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हांडीपारा में रहने वाले सुरेंद्र निषाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका भाई देवा निषाद रात 11.30 बजे घर के पास बैठा था, तभी आरोपी मानिकचंद बर्वे एवं उसके बेटे ने मिलकर चाकू मार दिया और फरार हो गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना आजाद चौक में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की शुरू की और उन्हें धर दबोचा। आरोपी मानिकचंद बर्वे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया, उसके नाबालिग बेटे को बाल न्यायालय मे पेश किया गया।

### सीए के सूने मकान से डेढ़ लाख की चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में सीए ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर की खिड़की का शीशा तोड़ लोहे की ग्रिल काटकर मकान के अंदर प्रवेश कर नकदी 15 हजार रुपए सहित डेढ़ लाख रुपए कीमत के अन्य सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर नगर निवासी हर्ष शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। हर्ष ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ चंपारण गया था, इस दौरान चोर उसके घर में लगे चेनल गेट को तोड़कर मकान के अंदर घुसा और खिड़की के रास्ते घर के अंदर प्रवेश कर चोरी की।



### क्रेडिट कार्ड एक्सेस करने के नाम पर एक लाख की ठगी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक एमआर ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ क्रेडिट कार्ड एक्सेस करने के नाम पर एक लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंगोराभाठा निवासी अमित राजपूत ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया कि जालसाज ने उसे उसके क्रेडिट कार्ड देश के किन-किन राज्यों के एयरपोर्ट में एक्सेस लांज हो सकता है, की जानकारी देने का झांसा देकर ठगी की है। जालसाज ने अमित से ऑनलाइन फार्म भरवाकर उसके क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर ठगी का शिकार बनाया।




### भाजपा मंडल पुरानी बस्ती का संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम

**रायपुर।** भाजपा पुरानी बस्ती मंडल में केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 11 वर्षों के दौरान देश-प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। वर्तमान में भारत ने विश्वगुरु के रूप में पूरी दुनिया में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

## वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड सहित अन्य विभागों में साढ़े छह हजार पद रिक्त

# वन विभाग में सेटअप पुनरीक्षण नहीं होने से नाराज एसीएस, मुख्य सचिव ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासन के प्रमुख विभागों में वन विभाग एक प्रमुख अंग है, वन विभाग में वर्ष 2002 के बाद से अब तक सेटअप पुनरीक्षण नहीं किया गया है। इसके चलते जिन वन कर्मचारियों को तय समय में प्रमोशन मिलना चाहिए, उनमें से ऐसे कई वनकर्मी, अफसर हैं, जिनको अब तक प्रमोशन का लाभ नहीं मिल पाया है। सेटअप की कमी के कारण विभागीय कार्य के अलावा वन तथा वन्यजीवों की निगरानी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस बात से नाराज प्रमुख सचिव अमिताभ जैन तथा एसीएस फॉरेस्ट ऋचा शर्मा ने वन विभाग के सभी विंग के पीसीसीएफ तथा सीसीएफ की शुक्रवार को एक बैठक ली। बैठक में सेटअप पुनरीक्षण तैयार करने निर्देश दिए।

सूत्रों के मुताबिक अरण्य भवन में शुक्रवार को आयोजित बैठक में वन विभाग के कार्यों का समीक्षा की गई। इसके अलावा विभाग में कितने पद रिक्त हैं, इसे लेकर चर्चा की गई। प्रमुख सचिव तथा एसीएस फॉरेस्ट द्वारा वर्ष 2002 के बाद से अब तक सेटअप पुनरीक्षण नहीं होने के कारण वनबल प्रमुख सहित अन्य पीसीएफ से जानकारी मांगी, तो अफसर इसका जवाब नहीं दे पाए। साथ ही अफसरों ने जो जवाब प्रस्तुत किए, इससे प्रमुख सचिव तथा एसीएस फॉरेस्ट संतुष्ट नहीं हुए। अफसरों के जवाब से प्रमुख सचिव अमिताभ जैन तथा एसीएस फॉरेस्ट काफी नाराज दिखे।

**वर्ष 2002 के बाद अब तक सेटअप पुनरीक्षण नहीं किया गया**




### अंतिम रूप देने 27 को बैठक

विभागीय सेटअप पुनरीक्षण को अंतिम रूप दिये जाने के संबंध में अपर मुख्य सचिव फॉरेस्ट ऋचा की अध्यक्षता में 27 जून को कार्यालयीन समय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी विंग के पीसीसीएफ के साथ रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, सरगुजा, कांकेर सीसीएफ को आमंत्रित किया गया है। उस बैठक में सेटअप पुनरीक्षण को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### विभाग के अलग-अलग खंड में इतने पदों की कमी

वन विभाग में वर्तमान में अफसर सहित विभिन्न पदों पर नौ हजार के करीब वन कर्मचारी कार्यरत हैं। वन विभाग में वर्तमान में फॉरेस्ट गार्ड की भारी कमी है। विभाग के अलग-अलग विंग में रिक्त पदों की संख्या इस प्रकार से है-

- फॉरेस्ट गार्ड - 4869
- फॉरेस्टर - 1676
- डिप्टी रेंजर - 655
- रेंजर - 490
- वन चौकीदार - 492

### सेटअप पुनरीक्षण से मिलेगा प्रमोशन

सेटअप पुनरीक्षण नहीं होने से वनकर्मियों को तय समय में प्रमोशन नहीं मिल पा रहा है। सेटअप पुनरीक्षण होने के बाद निचले स्तर के ऐसे वनकर्मी जिनका दो दशक से ज्यादा समय से प्रमोशन नहीं हुआ है। उन वनकर्मचारियों के प्रमोशन का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके अलावा अमला बढ़ने से जंगल की निगरानी बढ़ने के साथ वन अपराध पर अंकुश लगेगा।

# पायलट का दो दिवसीय दौरा, कार्यकारिणी और संगठन की लेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर 23-24 जून को रायपुर आएंगे। इस दौरान वे संगठन की समीक्षा करेंगे और आगामी रणनीति को लेकर पार्टी के नेताओं से चर्चा करेंगे। दौरे के दौरान सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ मासिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाएंगे। साथ ही वे प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी लेंगे।



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट 23 जून को सुबह 8.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे सुबह 11.30 बजे से लेकर शाम तक पांच बैठकें लेंगे। इन बैठकों को कांग्रेस पालिटिकल एफेयर्स कमेटी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करेंगे। 12.30 बने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेंगे। दोपहर 3 बजे से जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की बैठक लेंगे। 4.30 बजे कांग्रेस के मोर्चा प्रकोष्ठ की बैठक लेंगे। बैठक के बाद वे देर रात को कांग्रेस विधायकों के साथ चर्चा करेंगे। वे रात्रि विश्राम रायपुर में करेंगे। दूसरे दिन दौरे के संबंध में मीडिया से चर्चा के बाद दोपहर 2.55 बजे दिल्ली लौट जाएंगे।

### संगठन को मजबूत करने पर रहेगा फोकस

बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को को मजबूती प्रदान करने के लिए वे नेताओं से चर्चा करने के बाद संगठन के गतिविधियों के संबंध में पूरी जानकारी लेंगे।यहां के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद संगठन के कार्यक्रम और सरकार के विभिन्न मुद्दों पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के संबंध में निर्णय लेंगे।

### जिला कांगेस में नियुक्तियों पर भी निर्णय

बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई जिलों में नियुक्तियां अभी तक नहीं हो पाई है। नई नियुक्तियों के संबंध में भी वे यहां पर वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद निर्णय ले सकते हैं। राज्य में कई जिला कांग्रेस अध्यक्षों का

## समय पर उठाव नहीं होने के कारण सूखत और शार्टेज के मामले ज्यादा

# 84 हजार मीट्रिक टन धान की कमी, कई सोसाइटियों में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025 के धान संग्रहण केंद्रो से 84 हजार मीट्रिक टन की कमी पाई गई है। पिछले साल समर्थन मूल्य में खरीदे धान का मार्कफेड द्वारा मिलान कराया जा रहा है। मिलान में कई सोसाइटियों में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है।

छत्तीसगढ़ में 2038 प्राथमिक शाख समितियां कार्यरत हैं, जिसके अंतर्गत 2739 धान संग्रहण केंद्र संचालित है। वर्ष 2024-25 में प्रदेशभर के 25 लाख 49 हजार 592 किसानों से 149 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। धान के उठाव के लिए 72 घंटे का समय तय है, लेकिन इस बार खरीदी केंद्रों में धान का उठाव समय पर नहीं हो पाया था। उपार्जन केंद्रों में सूखत, धान के शार्टेज और कई समितियों में धान के गायब होने की शिकायतें भी आई है। मार्कफेड द्वारा धान के स्टॉक में कमी पाए जाने के बाद अब समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी तय की जा रही है। जिन उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव करने के दौरान कमी पाई गई है, उन पर सीधे एफआईआर करने के निर्देश दिए गए हैं।



### दुर्ग संभाग में सर्वाधिक कमी

विगत खरीफ़ सीजन में खरीदे गए धान में से 84 हजार मीट्रिक टन गायब हैं। रायपुर संभाग में 17048, बस्तर संभाग में 21629, बिलासपुर संभाग में 6512, दुर्ग संभाग में 28246 और सरगुजा संभाग में 9878 मैट्रिक टन धान कम पाए गए। पूरे प्रदेश में 84 हजार मैट्रिक टन से ज्यादा धान गायब है। कवर्धा के पंडरिया के केवल तीन संग्रहण केंद्रों में की गई जांच में ही खरीदी के दावों से 3 करोड़ 36 लाख के धान कम पाए गए। रिपोर्ट के अनुसार दवा गुड़ान में 8440 क्विंटल, सरइसेत में 497 क्विंटल और बघर्रा में 196 क्विंटल धान की गड़बड़ी प्रमाणित हुई है। खरोरा के पचरी धान खरीदी केंद्र में 425 क्विंटल धान गायब है।

**परिवहन विभाग ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करने की तैयारी में जुटा**

# पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने लोगों में रुचि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम कछुवे की गति से चल रहा है। इसी बीच शुक्रवार को मंत्रालय में परिवहन विभाग के सचिव सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश की अध्यक्षता में परिवहन विभाग के अफसरों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल 2019 के पूर्व जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगाए गए हैं, उन वाहन मालिकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर चालानी कार्रवाई करने की योजना बनाई गई है। बैठक में एचएसआरपी लगाने वाली अनुबंधित कंपनी के अधिकारी भी शामिल हुए।

प्रदेश में सभी वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य है। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से जिला मुख्यालयों सहित तहसीलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। वहां जाकर वाहन चालक अपनी गाड़ी में एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदन के एक पखवाड़े के भीतर पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने की समय सीमा निर्धारित की गई है। तय समय सीमा के बाद भी पुराने वाहन में अनुबंधित कंपनी एचएसआरपी नहीं लगा पा रही है। जिन लोगों के पास अप्रैल 2019 के पूर्व पुरानी गाड़ियां हैं, उनमें से महज 12 प्रतिशत लोगों ने एचएसआरपी लगवाने आवेदन किया है, उस स्थिति में अनुबंधित कंपनी एचएसआरपी लगाने में तेजी नहीं ला पा रही है। ऐसे में परिवहन विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई से लोगों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

- साढ़े 52 लाख पुरानी गाड़ियों में से महज तीन लाख वाहन में लगे हैं एचएसआरपी



### मैन पावर के साथ मशीन की संख्या कम

एचएसआरपी लगाने वाले अनुबंधित कंपनी के पास एचएसआरपी बनाने जितनी संख्या में मशीन की आवश्यकता है, उस लिहाज से मशीन की संख्या कम होने के साथ मैन पावर की कमी है। परिवहन विभाग के अफसरों को वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने से पूर्व एचएसआरपी लगाने वाले अनुबंधित कंपनी पर नकेल कसने की जरूरत है।

### प्राप्त आवेदन के आधे में लगा पाए एचएसआरपी

अप्रैल 2019 के पूर्व राज्य में 52 लाख 48 हजार 476 पंजीकृत वाहन हैं। एचएसआरपी लगवाने अब तक साढ़े छह लाख लोगों ने आवेदन किया है। आवेदन के आधार पर अब तक तीन लाख वाहन में एचएसआरपी लग पाया है। विभागीय अधिकारी पेट्रोल पंप सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों में लोगों को एचएसआरपी लगवाने प्रेरित करने जनजागरूकता अभियान चलाने की बात कह रहे हैं।

# अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने केंद्रीय मंत्री शाह से मांग

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से देश में अधिवक्ताओं के हित में विशेष अधिवक्ता सुरक्षा का कानून और अधिवक्ता कल्याण योजना लागू करने की मांग जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने की है। उन्होंने कहा, अधिवक्ता न्यायपालिका का स्तंभ है, परंतु हाल के वर्षों में देशभर में अधिवक्ताओं पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे न केवल उनकी जान को खतरा पैदा हो गया है, बल्कि न्याय प्रणाली की स्वतंत्रता और कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है।

अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, अधिवक्ताओं की सुरक्षा के बिना न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकती। यह न केवल उनके मौलिक अधिकारों का मामला है, बल्कि देश की कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली की गरिमा से भी जुड़ा हुआ है। हमें उम्मीद है कि गृह मंत्री श्री शाह इस मुद्दे को गंभीरता से लेंगे और जल्द से जल्द छत्तीसगढ़ में एक प्रभावी अधिवक्ता सुरक्षा कानून और अधिवक्ता कल्याण योजना लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे। उन्होंने मांग की है कि साथ ही अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजना लागू किया जाए, जिसमें सामूहिक बीमा, 62 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ताओं को पेंशन, जूनियर अधिवक्ताओं को मानदेय राशि, अधिवक्ता आवास कॉलोनी का निर्माण सहित उनके कल्याण में नीति और योजना लागू की जाए।

पत्र क्र./ 20837 न. पा. नि.
जोन क्र.10/2025
रापपुर, दिनांक 18-06-2025
// ईश्तहार //
नामंतरण प्र.क्र. 20837
वार्ड का नाम **54 कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652J00182** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **Govt Nazul Land - Bhuneshwar Dhangar** पिता/पति श्री श्रीमती S/O Ramdhar Dhangar के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Parvati Bhoi पिता/पति श्री श्रीमती W/O Shibo Bhoi ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा। आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे"
श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर) जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना
एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री महेंद्र बागडी, पिता श्री मदन मोहन बागडी के द्वारा विक्रेता श्रीमती डालेश्वरी कश्यप पति-श्री पवन कश्यप, निवासी-वार्ड नं 08. पेट्रोल पंप के पास, धमधा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर के नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कमल विहार ) के अंतर्गत एक किता खुला अवासीय भूखण्ड क्र. ए-30. सेक्टर 7 ए. वाके मौजा- डुण्डा, प.ह.नं. 118 / 72, रा. नि. मं. - रायपुर 01, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 126 का भाग, रकबा -238.00 वर्गमीटर याने 2560.88 वर्गफीट है। उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है, एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।
अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व हक अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।
सो सूचना जाने
स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 21/06/2025
गीतेश कुमार बैस (अधिवक्ता)
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 79993-99155

HEALTH TOWN
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 22 जून 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



‘एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर तन-मन की बेहतरी के लिए शास्त्रों में ढेरों प्रमाण मिलते हैं। इसे भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग आत्मसात करें, इसके लिए 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजनों ने विशाल रूप लिया। शनिवार सुबह 7 से 8 बजे के बीच राजधानी के स्कूल-कॉलेज के साथ कार्यालयों और उद्यानों में भी रौनक रही। शहर के कई उद्यानों में लोग स्वत: योग करने पहुंचे। इससे हर गार्डन और बड़े आयोजनों में उत्साह का माहौल रहा। आस्था केंद्रों के सत्संग भवन समेत सामाजिक स्तर पर भी योग को लेकर लोगों में जुनून देखने को मिला।’

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर तन-मन के लिए योगाभ्यास

## राजधानी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूल-कॉलेज से लेकर कार्यालय और उद्यान भी रहे गुलजार





**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय योग दिवस का आयोजन राज्यपाल रमेन डेका के आतिथ्य में हुआ। इसमें विशिष्ट अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, अनुज शर्मा के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने योगाभ्यास कर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। इसमें मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अरूण देव गौतम पुलिस महानिदेशक, महादेव कावरे रायपुर संभागायुक्त के साथ ही सचिव राज्यपाल सीआर प्रसन्ना ने भी योगाभ्यास करते हुए आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति है। यह मन और आत्मा को तृप्त करता है। करीब 180 देशों के लोग आज योग कर रहे हैं। हमारे देश की प्राचीन संस्कृति के लिए गर्व की बात है।





### खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने की पहल

सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-2 में योगाभ्यास करने लोग उत्साह से पहुंचे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम, विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आवासीय एवं गैरआवासीय खेल अकादमी के 250 से अधिक खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने शिरकत की। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने योगाभ्यास में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मैट उपलब्ध कराई। योग प्रशिक्षक नरेंद्र कुम्हार ने सभी अधिकारियों, पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों एवं खेल अकादमी के युवाओं को चरणबद्ध तरीके से योगाभ्यास कराया। मुख्य प्रशिक्षक के साथ डेमो जितेंद्र वर्मा एवं समर्थ पाध्ये ने दिया।





गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में 70 से 75 वर्ष के वरिष्ठजनों ने योग किया। उनके साथ 4 से 5 वर्ष के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। शक्तिपीठ में हरिद्वार से आए योग के विद्वान आचार्य द्वारा सभी को योगासन कराया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि योग, प्राणायाम और मंत्र जाप की शक्ति का बोध कराया गया। इसमें वरिष्ठजनों ने योगाभ्यास की जीवन में उपयोगिता बताई गई।



छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांग बाल गृह माना कैम्प, बाल गृह बालिका, स्पीच थेरेपी सेंटर, सप्रे शाला परिसर के सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से सभी बच्चों के साथ कर्मचारियों ने सुबह योगाभ्यास किया। इसमें परिषद के पदाधिकारियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, महासचिव चंद्रेश शाह, संयुक्त सचिव राजेंद्र निगम, संजीव बसंत हुड्डार, कार्यकारिणी सदस्य छगन भाई पटेल, सुनीता चंसोरिया, शताब्दी पांडे, संस्था की अधीक्षक श्वेता सिंह, पूजा मिसलवार, इंद्रसेन सहित सभी कर्मचारी शामिल हुए।



योगा गुरु क्रिस्टी किंडो के कुशल मार्गदर्शन में साईंनगर जोरा में महिलाओं द्वारा योग दिवस पर आयोजन किया गया। इसमें निशा सोनी, आशा यादव, वंदना तिर्की, सुरुचि कश्यप और निशा वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल हुईं। इस वर्ष भी महिलाओं ने योग दिवस पर बहुत ही बढ़िया आयोजन किया।



योग दिवस पर वॉलफोर्ट हाइट्स में रक्षा जैन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी ने योग एवं एक्वा जुम्बा का अभ्यास किया। इस सत्र का नेतृत्व कृष्णा और रितेश ने किया। इस सत्र में लोगों को योग और जुम्बा के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि यह क्रिया स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करती है। अनुभव सभी के लिए ऊर्जावान, शिक्षाप्रद और आनंददायक रहा।



भाजपा कार्यालय के एकात्म परिसर में योग दिवस मनाया गया। इसमें रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत के साथ कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सत्यम दुआ, अकबर अली, प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इसमें जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जघेल, पूर्व पार्षद भारती बागल, महामंत्री गीता रेड्डी, उपाध्यक्ष नीलू तलमले, संतोष निहाल, मंत्री दिनेश शर्मा, प्रचार प्रसार मंत्री सूरज शर्मा, पूर्व अध्यक्ष संतोष साहू शामिल हुए। सभी को प्रतिदिन योग करने सलाह दी गई।



श्री दावड़ा विश्वविद्यालय में योग सत्र का आयोजन योग आयोग के सहयोग से किया गया। इसमें आयोग की नेहा नायक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों ने योग डांस से की। सभी को योग और नृत्य के संयोजन ने प्रभावित किया। यूनिवर्सिटी के सीईओ चिन्मय दावड़ा, डायरेक्टर जनरल डॉ. चार्मी दावड़ा, कुलसचिव कुमार श्वेताभ एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. वरुण गंजीर सहित विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के बीच तुलसीदास शिंघाणी द्वारा लिखित एक विशेष पुस्तक का विमोचन किया गया। दिव्यांगों को योग का महत्व बताया गया।



सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में उत्साह से योग दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य रूप से डॉ. मृत्युंजय राठौर, डॉ. भगवंत सिंह, ज्ञानेश शर्मा ने योगाभ्यास के दौरान लोगों को संबोधित किया। कहा कि अभ्यास योग को आसान बना देता है। योग से ज्ञान और ज्ञान से प्रेम आता है। प्राचार्या अर्चना मिश्रा ने कहा कि योग हमें आध्यात्म की ओर ले जाता है। योग प्रशिक्षक सत्यभामा शर्मा एवं सरोज साहू ने योग के महत्व को मंत्रोचार के साथ आसन एवं प्राणायाम से योग क्रिया को अवगत कराया। स्कूल के शिक्षकों और सभी विद्यार्थियों ने योग किया।



राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से संचालित अर्शिल शिक्षण एवं प्रशिक्षण वेलफेयर सोसायटी में भी योग दिवस मनाया गया। सामूहिक योगाभ्यास करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। सोसयटी की अध्यक्ष एवं परियोजना की डायरेक्टर शमीम सिद्धिकी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। परियोजना के प्रबंधक भुनेश्वर श्रीवास, परामर्शदाता रितु श्रीवास, लेखापाल सागर गिरी गोस्वामी, फील्ड वर्कर संजय गुप्ता, संगीता वर्मा, केशनी साहू, अनिता देवागंन सहित संस्था के कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल हुए।



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतिभागियों को योग एवं फिटनेस विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील शुक्ला, योग प्रशिक्षक हेमलता निर्मलकर ने अलग-तरह के योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही दिनचर्या में योग को शामिल करने प्रेरित किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने शहर के कला केन्द्र में योगाभ्यास, प्राणायाम कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। नगर निगम संस्कृति विभाग और जोन 7 के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर इसके पूर्व चौबे कॉलोनी के करबला तालाब के किनारे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम शामल हुईं।





महाराष्ट्र मंडल के सहयोग से डॉ. लाल पैथालॉजी ने मेगा हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। सुबह 8 बजे शुरू हुए कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि कैंप में शुगर, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम, हीमोग्लोबिन की जांच की गई। इसी तरह टीएसएच और एचबीए-वन सी की जांच भी हुई। कैंप में कुछ लोगों ने फुल बॉडी चेकअप कराया। महाराष्ट्र मंडल सभासदों और लोगों के लिए सालभर में कम से कम चार स्वास्थ्य शिविर लगाता है, ताकि हर किसी की हेल्थ फाइल बने और समय पर अपडेट किया जा सके।

# गुरुओं की कमांड पर स्कूल-कॉलेज में मैट पर साधक की तरह जमे



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल द्वारा आशीर्वाद भवन में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक डॉ. सुनील शुक्ला एवं साक्षी दुबे बाजपेयी ने उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा समाजजनों को योगाभ्यास कराया एवं आभार प्रदर्शन संजय अवस्थी द्वारा किया गया।



बंगाली कालीबाड़ी समिति एवं सतता सुंदरी कालीबाड़ी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इंटरनेशनल यूथ ट्रेनर राहुल दास एवं उनके टीम ने स्कूल बच्चों को योग की महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही शारीरिक, मानसिक, हार्ट अटैक जैसी बीमारी कैसे दूर हो सकता है, पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण दी।



आडवाणी आर्लिकन शा. उ. मा. शाला, बिरगांव में क्रीड़ा भारती रायपुर महानगर द्वारा शानदार योग अभ्यास का आयोजन किया गया। इसमें 4500 विद्यार्थियों एवं आम लोगों ने भाग लिया। इसमें संजय शर्मा, नीता डूमरे, सुमीत उपाध्याय, हर्षा साहू ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।



विप्र कॉलेज, दिशा कॉलेज के संयुक्त प्रयास से योग दिवस पूर्व योग आयोग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा एवं डॉ. राजेश गुप्ता की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि स्कूल, कॉलेज में योग अनिवार्य और नियमित होना चाहिए। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र कॉलेज में 11 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए योग अनिवार्य है।



सालेम इंग्लिश स्कूल में उत्साह के साथ योगा दिवस मनाया गया। इसमें शाला की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस ने योगा डे की बधाई देते हुए योगा डे का शुभारंभ किया। इसमें शाला परिवार, बच्चों और शिक्षक - शिक्षिकाओं उपस्थिति ने उत्साह का संचार किया। उन्होंने विभिन्न आसनों और योग की जानकारी देते हुए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में अधिकारियों-कर्मचारियों ने परिजनों के साथ नियमित योग करने का संकल्प लेते हुए सुबह 7 बजे योग गुरुओं की कमांड पर योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। रायपुर के सामुदायिक भवन में रेल प्रबंधक दयानंद की अगवाई में समारोह किया गया। इसमें अध्यक्ष सेक्रो शिखा सिंह, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग सहित परिजनों ने योगाभ्यास में भाग लिया।



दिशा कॉलेज में एनएसएस द्वारा योग दिवस भव्य आयोजन किया गया। इस साल योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ थीम पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के वैश्विक विचार को बढ़ावा देने की पहल हुई। इसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने किया। योगाचार्य तेजेंद्र खरे ने इस अवसर पर योग के आसनों से परिचय कराते हुए योगाभ्यास कराया। साथ ही योग से होने वाले लाभ और आसनों से अवगत कराया।



कलिंगा यूनिवर्सिटी ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम के साथ योग दिवस मनाया। जो इस बात पर जोर देता है कि योग न केवल व्यक्तिगत कल्याण बल्कि पृथ्वी के स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। शिक्षा संकाय ,फार्मेसी संकाय, विज्ञान संकाय (योग विभाग) और कलिंगा के डीन छात्र कल्याण के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने लोगों को संबोधित किया।



पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की कड़ी में योग महोत्सव किया गया। योग शिक्षिका कु. श्रेया अग्रवाल द्वारा सुबह साढ़े सात बजे अग्रसेन धाम में यह आयोजन हुआ। संयोजक राकेश, संजय अग्रवाल, राम शर्मा, राजेन्द्र अग्रवाल, अजय जामवाल की पहल पर लोगों ने आयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके चलते पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति कॉलेज में इस अवसर पर विशेष योग सत्र एवं ध्यान क्रियाओं का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारिरिक व्यायाम नहीं है बल्कि यह आत्म अनुशासन, मानसिक शांति और अध्यात्मिक जागरूकता का माध्यम है।



जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल की टीम ने योग प्राणायाम एवं डांस का भी आनंद लिया। तेलीबांधा स्थित स्टूडियो में प्रिया आहूजा के साथ वामा सदस्यों की उपस्थिति के साथ योग किया गया। प्रोग्राम डायरेक्टर सुमन दीवान, आस्था बाफना, दिव्यां जैन उपस्थित रही।

### दोंदेकला स्कूल में मनाया योग दिवस

ग्राम दोंदेकला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षक, पालक सहित जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत, धरसींवा उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रशेखर वर्मा, स्कूल प्राचार्य रुचि सोनी, शाला विकास एवं प्रबंधक समिति अध्यक्ष शंकरलाल शर्मा एवं सोहनलाल साहू शामिल हुए।

# महाविद्यालयों में 24-26 जून को पहली मेरिट लिस्ट होगी जारी

## महाविद्यालय की प्रवेश कमेटी दाखिले की जिम्मेदारी संभाल रही, जो कटऑफ तय कर प्रवेश प्रारंभ करेगी

**रायपुर।** इन दिनों कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी प्रवेश के लिए अपनी पसंद के विषय से संबंधित विभागों में जानकारी के लिए पहुंच रहे हैं। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय की पहली मेरिट लिस्ट 26 जून को आने वाली है, वहीं साइंस कॉलेज 24 जून को मेरिट लिस्ट जारी करेगा। इसके बाद कॉलेज में संचालित प्रवेश कमेटी द्वारा कटऑफ तय कर सूची के अनुसार केटेगरी के आधार पर तय किया जाएगा। इससे पहले हरिभूमि ने महंत कॉलेज, शासकीय राधाबाई कॉलेज और दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में बातचीत की, जहां कॉलेज प्रवेश कमेटी ने बताया कि बीए, बी-कॉम, बीएससी, बीसीए के लिए हर वर्ष मारामारी रहती है।



### विद्यार्थियों और महाविद्यालयों को मेरिट लिस्ट का इंतजार

रविशंकर विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट के आधार पर ऑटोनॉमस महंत कॉलेज में कटऑफ तय किया जाएगा। बीते वर्ष बीकॉम, बीबीए, बीएससी जैसे पाठ्यक्रमों में मारामारी अधिक रही। इस दौरान बीते वर्ष बीकॉम 58 %, बीए 48 %, बीबीए 60 %, बीसीए 62 % कटऑफ के आसपास मेरिट लिस्ट निकाली गई। इस वर्ष रविवि के मेरिट लिस्ट का इंतजार छात्रों के साथ महाविद्यालयों को भी है।

### महाविद्यालयों में प्रवेश समिति का संचालन

शासकीय राधाबाई कॉलेज में बीएससी, बीकॉम और बीए पाठ्यक्रम छात्रों की पहली पसंद है, छात्र प्रवेश से पहले पाठ्यक्रमों की जानकारी के लिए रोजाना कॉलेज परिसर पहुंच रहे हैं। बीते वर्ष बीएससी, बीकॉम और बीए जैसे पाठ्यक्रम के लिए 65% कटऑफ तय किया गया है। वहीं कॉलेज में कुल 13 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जिसमें मेरिट लिस्ट जारी होने पर सभी पाठ्यक्रमों की सूचना छात्रों को दी जाएगी।

### पाठ्यक्रमों के आधार पर बनाई सूची

शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में कुल 23 पाठ्यक्रम तय हैं, जिसमें बीए, बी-कॉम, बीएससी, एमए, डिप्लोमा, पीजीडीसीए से संबंधित कोर्स शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पाठ्यक्रमों को जनरल, ओबीसी, एसटी और एससी केटेगरी में विभाजित किया जाता है। हर वर्ष विद्यार्थियों की अंकसूची के आधार पर कटऑफ तय होता है। बीए में जनरल 76 %, ओबीसी 69%, एसटी 45% और एससी 59% के लिए कटऑफ हो सकता है। वहीं बीकॉम के लिए जनरल 86%, ओबीसी 82%, एसटी 43%, एससी74 % हो सकता है। बीएससी पीसीएम में जनरल 81% , ओबीसी 78, एसटी 54% , एससी66 % कटऑफ हो सकता हैं। बीएससी कंप्यूटर साइंस में जनरल 86% , ओबीसी 85%, एसटी 65% , एससी 76% हो सकता है। बीएससी सीबीजेड में जनरल 83%, ओबीसी 80 %, एसटी 61% और एससी 72% हो सकता हैं। बीएससी फूड साइंस में जनरल 83%, ओबीसी 78%, एसटी 62 और एससी 70% हो सकता है।

# श्री विमलनाथ जैन मंदिर में जयपाल विजयजी महाराज का 27 जून को होगा चातुर्मासिक प्रवेश

**रायपुर।** श्री नाकोड़ा भैरव सोसायटी स्थित श्री विमलनाथ जैन मंदिर में 27 जून को भव्य प्रवेश होगा। भावोल्लास चातुर्मास समिति द्वारा आयोजित चातुर्मास के दौरान ज्येष्ठपर्यायी मुनिराज जयपाल विजयजी, उग्र तपस्वी मुनिराज प्रियदर्शी विजयजी, ओजस्वी प्रवचनकार मुनिराज तीर्थप्रेम विजयजी, विदुषी साध्वीवर्या अक्षयनिधिश्रीजी आदि ठाणा का सानिध्य में प्रवचन श्रावक तथा श्रावीकाओं को सतक प्राप्त होगा। शुक्रवार को तिरुपति अपार्टमेंट से प्रातः 7.30 बजे वरघोड़ा प्रारंभ होकर श्री विमलनाथ जैन मंदिर पहुंचेगा। यह आयोजन आत्मशक्ति एवं आत्मकल्याण के लिए एक श्रेष्ठकर साबित होगा। विदित हो कि साधु भगवंत 22 जून से 26 जून तक विवेकानंद नगर में रत्नसुरी उपाश्रय में विराजमान रहेंगे। इस भव्य शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। पूरे कार्यक्रम की जानकारी समिति के सचिव रवि डोसी एवं कोषाध्यक्ष मूलचंद लुंकड़ ने दी।

**प्रियदर्शी विजयजी एवं तीर्थप्रेम विजयजी सहित अन्य संत, साध्वियों का सानिध्य प्राप्त होगा**



### तपस्या की होगी बहार

चातुर्मास के दौरान तपस्या की धूम होगी, क्योंकि दो महत्वपूर्ण तप महामृत्युंजय तप तथा शत्रुंजय तप के लिए 100 से अधिक तपस्वीगणों द्वारा इन तपों में अपनी सहभागिता दी जा चुकी है। लगातार तपस्वी इस और सहभागिता दे रहे हैं।

# केटीयू के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग में विदाई समारोह

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आशुतोष मंडावी और वरिष्ठ शिक्षक शैलेश खंडेलवाल की उपस्थिति रही। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान 2023-25 बैच के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा संबोधन के साथ हुई, जहां शिक्षकों और साथियों को आभार व्यक्त करते हुए छात्रों ने अनुभव साझा किए। इस मौके पर विभागाध्याक्ष प्रो. डॉ. आशुतोष मंडावी ने अपने व्याख्यान में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, कॉलेज जीवन केवल एक डिग्री लेने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मविकास, व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक चेतना को जागृत करने की यात्रा है। जिन विद्यार्थियों को हम विदा कर रहे हैं, उन्होंने इस विभाग की गरिमा को बनाए रखते हुए कई गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए पौधारोपण भी किया गया। यह गतिविधि छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास था। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में अनेक पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्राध्यापक शैलेश खंडेलवाल ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान 2024 बैच के जूनियर्स छात्र भी उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षक डॉ. धनेश जोशी और पत्रकार सरमेंद्र शर्मा शामिल हुए।
















Contact to Add Your School - 79871-19756















## सिटी स्पोर्ट्स

### रॉलबॉल विश्वकप के लिए क्लॉडियस करेंगे केन्या में कमेंट्री



**रायपुर।** केन्या के नैरोबी में पहली जूनियर रॉलबॉल विश्वकप 2025 का आयोजन 22 से 29 जून तक किया जा रहा है। इसमें दुनियां के सभी महाद्वीपों की टीम भाग ले रही है। जिसमें भारतीय बॉयज़ और गर्ल्स टीम की भी हिस्सेदारी है। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों का आंखों देखा हाल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा प्रसारित किया जाएगा। भारत की ओर से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कमेंटेटर जसवंत क्लॉडियस को भी आमंत्रित किया गया है।

पुणे में 2023 में आयोजित रॉलबॉल विश्वकप, 2024 में आयोजित एशियाई रॉलबॉल विश्वकप के साथ ही 2023 में गोवा में सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों में पहली बार शामिल रॉलबॉल खेल के मैचों का भी आंखों देखा हाल क्लॉडियस सुना चुके हैं। आंखों देखा हाल सुनाने के पिछले 32 वर्षों के सफर में इसके पहले वे 6 अन्य खेलों जिनमे टेनिस तीरंदाजी, साइकिलपोलो, थ्रो बॉल रग्बी 07, कबड्डी के अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की जीवंत कमेंट्री कर चुके हैं साथ ही वे 09 अन्य खेलो के राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं की टेलीविज़न के लिए लाइव कमेंट्री भी कर चुके हैं।

### नेशनल कराटे में राज्य के खिलाड़ियों ने जीते 4 मेडल



**भिलाई।** भिलाई इस्पात क्लब से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं 8 खिलाड़ियों ने चौथी कियो–नेशनल कैडेट-जूनियर व सब-जूनियर कराटे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। स्पर्धा 11 से 15 जून तक देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित थी। प्रतियोगिता में पुष्पांजली बंजारे ने काता इवेंट में सिल्वर और कुमिते इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए, वहीं बरखा ओरांव ने कुमिते में सिल्वर व रजनी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

### लंबे समय तक होने वाला तनाव बदल जाता है 'बर्नआउट' में

# कार्यस्थल का बार-बार का तनाव आपको बना रहा 'बर्नआउट' का शिकार तो इससे बचने के लिए अपनाएं आसान से उपाय

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव होना बहुत आम बात है। ये तनाव बार बार होने लगे और लंबे समय तक होने लगे तो ये बर्नआउट में बदल जाता है। आइए इस लेख में इससे बचने के चार प्रमुख उपायों के बारे में जानते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और वर्कप्लेस पर बढ़ता काम का दबाव, ये दो ऐसी चुनौतियां हैं जो हमें लगातार घेरे रहती हैं। इसी के चलते, बहुत से लोग एक गंभीर समस्या का शिकार हो रहे हैं, जिसे हम 'बर्नआउट' कहते हैं। यह सिर्फ काम का थकान नहीं, बल्कि एक ऐसी मानसिक और शारीरिक थकावट की स्थिति है, जिसमें व्यक्ति खुद को पूरी तरह से खाली और निरुत्साहित महसूस करता है। बर्नआउट एक गंभीर मानसिक और शारीरिक थकावट की स्थिति है, जो लंबे समय तक काम के अत्यधिक दबाव या तनाव के कारण होती है। बर्नआउट के शिकार व्यक्ति को लगातार तनाव, अत्यधिक थकान और प्रेरणा की सकारात्मक उम्मीद की गहरी कमी महसूस होती है। यह स्थिति न सिर्फ हमारी कार्यक्षमता को प्रभावित करती है, बल्कि धीरे-धीरे हमारे मानसिक स्वास्थ्य और निजी रिश्तों को भी नुकसान पहुंचाने लगती है।



### समय प्रबंधन और ब्रेक लें

बर्नआउट का एक बड़ा कारण है अनियोजित कार्य और लगातार काम करना है। इससे बचने का तरीका बहुत सरल है कि आप अपने दिन की शुरुआत प्राथमिकताओं की सूची बनाकर करें। हर 60-90 मिनट में 5-10 मिनट का ब्रेक लें, जिसमें गहरी सांस लें, टहलें, या पानी पिएं। पोमोडोरो तकनीक (25 मिनट काम, 5 मिनट ब्रेक) समय प्रबंधन में मदद करती है। इससे दिमाग हल्का रहता है और तनाव को कम करता है।

### वर्क-लाइफ बैलेंस बनाएं



वर्कप्लेस का तनाव तब बढ़ता है, जब निजी और पेशेवर जीवन में संतुलन बिगड़ जाता है। ऑफिस का काम घर न लाएं और निजी समय में परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताएं। ऑफिस के बाद डिजिटल डिटॉक्स अपनाएं, यानी मोबाइल और ईमेल से दूरी बनाएं। इस समय में अपने पंसंदीदा काम करें जैसे पेंटिंग, बागवानी, या किताब पढ़ना तनाव को कम करते हैं।

### शारीरिक गतिविधि और नींद

नियमित व्यायाम, जैसे योग, सैर, या जिम, तनाव हार्मोन कोर्टिसोल को कम करता है और एंडोर्फिन (खुशी का हार्मोन) को बढ़ाता है। रोजाना 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि बर्नआउट से बचाने में मदद करती है। साथ ही, 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूरी है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और गुनगुना पानी पीने की आदत डालें।



### माइंडफुलनेस और सहायता लें

माइंडफुलनेस तकनीक, जैसे ध्यान, प्राणायाम, या गहरी सांस लेना, दिमाग को शांत रखता है। रोजाना 10 मिनट का ध्यान तनाव को कम करता है। अगर बर्नआउट के लक्षण जैसे चिड़चिड़ापन, उदासी, या थकान बढ़े, तो सहकर्मियों, बॉस, या परिवार से खुलकर बात करें। जरूरत पड़ने पर मनोवैज्ञानिक या काउंसलर की सलाह लें। वर्कप्लेस में तनाव की बात को छिपाने के बजाय समाधान खोजें।

# केले के पत्ते में भोग लगाने से पहले जान लें इसके नियम

ऐसे में केले के पत्ते में किन देवी-देवताओं को भोग लगाने से लाभ हो सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से बताया है।

### भगवान विष्णु को लगाएं भोग

भगवान विष्णु को केले के पत्ते पर तुलसी, कमल का फूल, और फल रखकर भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से जातक के विवाह में चल रही परेशानियां दूर हो सकती है। साथ ही सुख-समृद्धि का भी आगमन हो सकता है। इसके अलावा दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं दूर हो सकती है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु को भोग लगाने से उनकी कृपा बनी रहती है। साथ ही कुंडली में स्थित ग्रहों की स्थिति ठीक हो जाती है।



### भगवान गणेश को लगाएं भोग

भगवान गणेश को केले के पत्ते में भोग लगाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी को केले के पत्ते बेहद प्रिय है। केले के पत्ते में भोग लगाने से जातक को बुध दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही जीवन में कभी किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

### मां लक्ष्मी को लगाएं भोग

माता लक्ष्मी को केले के पत्ते में भोग लगाने से लाभ हो सकता है। ऐसा कहा जाता है कि केले के पत्ते में भोग लगाने से धन-धान्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही जातक के जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती है।



# अच्छी सेहत के लिए कार्ब्स नहीं, इसकी कीजिए कमी तो दूर होंगी कई बीमारियां

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को लेकर अक्सर हम सभी कही-सुनी बातों पर ज्यादा भरोसा करते रहते हैं। हमारे शरीर के लिए अन्य पोषक तत्वों की ही तरह से कार्बोहाइड्रेट की भी आवश्यकता होती है। लो फैट वाले खाद्य पदार्थ आपको लंबी आयु दे सकते हैं।

पौष्टिक आहार, शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हरी सब्जियां और खूब सारे फलों के सेवन की सलाह देते हैं। आमतौर पर फिटनेस के शौकीन लोगों को आहार से कार्ब्स की मात्रा को हटाते हुए भी देखा जाता है, पर क्या कार्बोहाइड्रेट (कार्ब्स) वास्तव में इतने नुकसानदायक हैं? क्या शरीर के वजन बढ़ने और फिटनेस की समस्याओं के लिए कार्ब्स ही जिम्मेदार है? और सबसे बड़ा सवाल क्या सभी लोगों को अपने आहार में कार्ब्स की मात्रा को कम कर लेना चाहिए?

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को लेकर अक्सर हम सभी कही-सुनी बातों पर ज्यादा भरोसा करते रहते हैं। आहार में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा को लेकर भी ऐसा ही है। हमारे शरीर के लिए अन्य पोषक तत्वों की ही तरह से कार्बोहाइड्रेट की भी आवश्यकता होती है, इसे भोजन से पूरी तरह कम कर देना शरीर के लिए गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है, इतना ही नहीं आहार में कार्ब्स की कमी समय से पहले मृत्यु के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

### कार्ब्स से ज्यादा नुकसानदायक है फैट

कार्ब्स की अधिकता वाले आहार को वजन बढ़ाने के साथ डायबिटीज-हार्ट की समस्याओं का कारण माना जाता है। असल में कार्बोहाइड्रेट, शरीर को ग्लूकोज प्रदान करते हैं, हालांकि ग्लूकोज की अधिकता कई प्रकार से नुकसानदायक जरूर हो सकती है। वजन घटाने और हृदय संबंधी लाभ के लिए लो-कार्बोहाइड्रेट और लो फैट डाइट की प्रभावशीलता को जानने के लिए किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बड़ा खुलासा किया है। जर्नल ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित निष्कर्षों में दावा किया गया है कि जो लोग लो-कार्बोहाइड्रेट वाले आहार का अधिक सेवन करते हैं उनमें समय से पहले मौत का खतरा बढ़ सकता है,जबकि लो फैट वाले खाद्य पदार्थ आपको लंबी आयु दे सकते हैं।

### अध्ययन में क्या पता चला?

इस अध्ययन में चीन-अमेरिका के विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने 50-71 वर्ष की आयु के 371,159 प्रतिभागियों को शामिल किया गया। करीब 23 साल तक प्रतिभागियों का फॉलोअप किया गया।



## खबर संक्षेप



### बस्तर में 0.46 प्रतिशत पर सिमटा मलेरिया, 72 फीसदी की बड़ी गिरावट

रायपुर। कभी मलेरिया से मौत के लिए बदनाम रहे बस्तर में इसकी धनात्मक दर 0.46 प्रतिशत में सिमटकर रह गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोकथाम के लिए चलाए गए चरणबद्ध अभियान के बाद इसमें 72 प्रतिशत की ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है। राज्य शासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बस्तर संभाग में मलेरिया धनात्मक दर 4.60 प्रतिशत से घटकर मात्र 0.46 प्रतिशत रह गई है। वहीं वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2024 में मलेरिया के मामलों में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। राज्य का वार्षिक परजीवी सूचकांक (एपीआई) वर्ष 2015 में 5.21 था, जो घटकर 2024 में 0.98 हो गया है। बस्तर संभाग का एपीआई इसी अवधि में 27.4 से घटकर 7.11 तक पहुंचा है। 2023 की तुलना में 2024 में मलेरिया प्रकरणों में 8.52 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर कहा कि मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हमारी सरकार की जन-केंद्रित सोच और समर्पित स्वास्थ्य प्रयासों का परिणाम है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे छत्तीसगढ़ को मलेरिया मुक्त बनाना है और इस दिशा में ठोस प्रयास लगातार जारी हैं। अभियान के तहत मच्छरदानी वितरण, घर-घर जाकर जांच, त्वरित उपचार, और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित किया गया है। वर्ष 2024 में अभियान के 10वें और 11वें चरणों में विशेष निगरानी और उपचार कार्यों के चलते मलेरिया नियंत्रण को और बल मिला है।

### घटिया इंजेक्शन, अमानक दवाएं तो कहीं अस्पताल में पानी भरा

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने प्रदेश की खस्ताहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और भाजपा सरकार के आम जनता स के स्वास्थ्य के प्रति गैरजिम्मेदार रवैये पर कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को चौपट कर दिया है। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अंबेडकर अस्पताल में टूटी हुई हड्डियों, दुर्घटनाओं में फ्रैक्चर, गंभीर चोटों और कैंसर के रोगियों को सर्जरी के लिए एक या दो दिन नहीं, बल्कि 15 से 20 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार मरीजों को ऑपरेशन थियेटर में ले जाने के बाद वापस लाया जाता है। इससे गंभीर रोगियों की जान का जोखिम बढ़ जाता है। इसी मामले में मई 2025 में बिलासपुर हाईकोर्ट ने प्रदेश की राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं पर संज्ञान लिया था। मरीजों को हो रही परेशानी को मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से संज्ञान लेकर स्वास्थ्य सचिव से कोर्ट ने जवाब मांगा था। जिस पर अब तक सरकार द्वारा जवाब पेश नहीं किया जा सका। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने बताया कि अस्पतालों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है ताजा मामला चिरमिरी का है, जहां स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जिला अस्पताल में बारिश का पानी भर गया बावजूद अस्पताल प्रबंधन छत से बारिश के पानी को घुसने से रोकने को लेकर कोई प्रयास नहीं कर रहा है।

# खाने योग्य प्राकृतिक 28 प्रजातियों के मशरूम, बिलाई खुखड़ी, गंजिया खुखड़ी, लकड़ी खुखड़ी सबसे खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

बारिश का मौसम शुरू होते ही सब्जी बाजारों में विभिन्न प्रकार के मशरूम बिकने लगे हैं। आमतौर पर मशरूम को सेहत के लिए लाभकारी माना जाता है, लेकिन इनमें कुछ जहरीली प्रजातियां भी पाई जाती हैं, जिनकी पहचान करना बेहद जरूरी है। बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने छत्तीसगढ़ में मिलने वाले मशरूम पर शोध किया है। उनके अनुसार, राज्य में खाने योग्य 28 प्रजातियों की प्राकृतिक मशरूम की पहचान की गई है। वहीं, बिलाई खुखड़ी, गंजिया खुखड़ी, लकड़ी खुखड़ी और लाल बादर नामक मशरूम को अत्यंत विषैला माना गया है। इनमें हानिकारक एल्केलॉयड्स पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकते हैं। चिंता की बात यह है कि ये जहरीली मशरूम बाजारों में आसानी से उपलब्ध हैं और जानकारी के अभाव में लोग इनका सेवन कर हर वर्ष बीमार पड़ते हैं। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि जंगलों में मशरूम मुख्य रूप से सरगुजा बस्तर और झारखंड से आ रहे हैं।पिछले वर्ष सरगुजा क्षेत्र में 46 लोग जहरीली खुखड़ी खाने से बीमार हुए थे, जबकि इस वर्ष अब तक दर्जनों लोग प्रभावित हो चुके हैं। झारखंड में भी ऐसे ही कई मामले सामने आते रहे हैं। विशेषज्ञों की सलाह है कि मशरूम खरीदते समय स्थानीय और पहचानी जाने वाली सुरक्षित प्रजातियों का ही चुनाव करें और अनजान प्रजातियों से बचें।

## हर साल जानकारी के अभाव में हानिकारक मशरूम खाने से लोगों की बिगड़ती है सेहत

### प्रयोगशाला में 40 से अधिक मशरूम की जांच



मशरूम की प्रजातियों को लेकर बॉयोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने 5 वर्षों से अधिक समय तक शोध किया है। इस दौरान 40 से अधिक प्रकार की मशरूम की प्रयोगशाला में जांच की गई। शोध में यह पाया गया कि चिरको, सुगा, छेरकी, भैसा, बांस, भूडू, जाम, दुधिया, चरचरी, कठवा, करीया, तीतावर, पिवरा, झरिया, कुम्हा और क्षरकेनी जैसी प्रजातियाँ खाने योग्य हैं और इनका सेवन सुरक्षित है। वहीं दूसरी ओर, बिलाई खुखड़ी, गंजिया खुखड़ी, लकड़ी खुखड़ी, लाल बादर और बनपिवरी जैसी मशरूम प्रजातियों को स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक पाया गया है। डॉ. शर्मा के अनुसार, ये जहरीले मशरूम जंगलों में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। शोध के मुताबिक, जो प्राकृतिक मशरूम खाने योग्य नहीं होते, उनके सेवन से उल्टी-दस्त, घबराहट, बेचैनी या बेहोशी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण उन मशरूम में पाए जाने वाले विषैले टॉक्सिन होते हैं, जो शरीर में जाकर रासायनिक असंतुलन पैदा करते हैं।

### मशरूम की छतरी चपटी हो तो न करें सेवन



बायोटेक लैब के वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले चटक रंगों जैसे लाल, नीला, पीला, हरा, बैंगनी और नारंगी के प्राकृतिक मशरूम का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसे रंग आमतौर पर मशरूम में पाए जाने वाले विषैले एल्केलॉयड्स की उपस्थिति का संकेत देते हैं, जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी खुखड़ी से तीखी अमोनिया जैसी या सड़ी हुई गंध आ रही हो, तो उसे बिल्कुल भी न खाएं, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकती है। इसी तरह, यदि खुखड़ी से चिपचिपा पदार्थ या पानी की बूंदें निकल रही हों, तो इसका सेवन भी नहीं करना चाहिए।

## कर्मचारियों के दस्तावेजों की डिजी लॉकर एप के माध्यम से जांच कर रहा विभाग

# लालपुर शराब दुकान में मिलावटी-बगैर होलोग्राम शराब बेचने की घटना के बाद जागा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के लालपुर शासकीय शराब दुकान में मिलावटी और बगैर होलोग्राम के शराब बेचे जाने का भंडाफोड़ होने के बाद आबकारी विभाग की राज्य, जिला एवं उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने जिले में संचालित लगभग सभी बड़ी शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस निरीक्षण में कहीं भी अनियमितता या किसी प्रकार की मिलावटी या अवैध शराब बिक्री का कोई प्रकरण नहीं मिला, वहीं लालपुर शराब दुकान में जाली दस्तावेज देकर सुपरवाइजर की नौकरी पाने के मामले को भी विभाग ने गंभीरता से लिया है। इसके बाद से प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नौकरी पाने वाले सभी कर्मचारियों के दस्तावेजों की ऑनलाइन डिजी लॉकर एप के माध्यम से जांच की जा रही हैं।

आबकारी विभाग की संभागीय उड़नदस्ता टीम ने लालपुर शराब दुकान में छापा मारकर यहां से तीन सौ से ज्यादा मिलावटी तथा बगैर होलोग्राम शराब बरामद की थी। इस कार्रवाई के दौरान तीन सेल्समैन को गिरफ्तार किया था, वहीं शासकीय दुकान में अवैध एवं मिलावटी शराब बेचने का काम करने वाला मुख्य आरोपी सुपरवाइजर चेनदास बंजारे जो शेखर नाम से फर्जी आईडी दिखाकर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नौकरी कर रहा था, विभाग की पड़ताल में पता चला कि जिस आधार नाम के दस्तावेज से वह नौकरी पर लगा था, वह उसके भाई का है, जो पहले ही शराब दुकान में गड़बड़ी करने के मामले में ब्लैक लिस्टेड है। चेनदास अभी तक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## दर्जनों दुकानों में जांच


प्लेसमेंट एजेंसी बीआईएएस की भूमिका संदिग्ध, ऑडिट में 12 लाख रुपए कम पाए गए

शराब में मिलावट का खेल, 299 पेटियां जब्त

बगैर मिलीभगत के संभव नहीं

पैसे लेकर भर्ती करने का आरोप

हरिभूमि फॉलोअप

फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी करने का आरोप

इन दुकानों में भी फर्जीवाड़ा करने का आरोप

### नुकसान की भरपाई सिक्योरिटी एजेंसी करेगी

लालपुर शराब दुकान में बगैर होलोग्राम शराब एवं मिलावटी शराब बिक्री के कारण जो भी नुकसान विभाग को हुआ है, उसकी भरपाई सिक्योरिटी एजेंसी बीआईएस करेगी। इसके लिए विभाग ने एजेंसी को नोटिस भी जारी किया है।

### सभी कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही

प्लेसमेंट के तहत दुकानों में लगे सभी कर्मचारियों की दोबारा जांच कराई जा रही है। इसके लिए डिजी लॉकर एप के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

- रामकृष्ण मिश्रा
उपायुक्त, आबकारी रायपुर

### प्लेसमेंट एजेंसी एवं क्षेत्र के अधिकारी भी संदेह के दायरे में

इधर लालपुर शराब दुकान में बगैर होलोग्राम एवं मिलावटी शराब मिलने का मामला जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में उठ चुका है। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने इस मामले में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराए जाने की मांग की है। इस मामले में उनका कहना है कि जाली दस्तावेज के आधार पर कई महीनों से सुपरवाइजर के पद पर आरोपी काम कर रहा था। इसकी जानकारी प्लेंसमेंट एजेंसी के साथ विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी होगी। उन्होंने आशंका जताई है कि इस अवैध एवं मिलावटी शराब के कारोबार में इन लोगों की संलिप्तता भी हो सकती है, इसलिए इसकी उच्च स्तरीय कमेटी के माध्यम से जांच करानी चाहिए।

# शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर राजधानी में प्रदर्शन पुलिस ने बस में ठूंसकर तूता धरनास्थल भेजा

- प्रदेश में 20 हजार व्यायाम शिक्षक के पद खाली, 6 साल से भर्ती नहीं
- कटोरातालाब से तेलीबांधा चौक तक रैली निकालने जुटे अभ्यर्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ, छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ, ग्रंथपाल और कला संकाय के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने शनिवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर राजधानी में प्रदर्शन किया। शासन का ध्यान आकर्षित कराने कटोरातालाब से तेलीबांधा चौक तक रैली निकालने से पहले युवाओं को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। प्रदर्शनकारियों के विरोध के बाद भी पुलिस ने उन्हें बसों में ठूंसकर तूता धरना स्थल पहुंचाया। प्रदर्शनकारियों का कहना है प्रदेशभर में 20 हजार व्यायाम शिक्षक के पदखाली पड़े हैं, जिसे पिछले 6 साल से नहीं भरा गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।

कटोरा तालाब से तेलीबांधा मरीन ड्राइव तक रैली निकालने शनिवार की दोपहर बड़ी संख्या में प्रशिक्षित बेरोजगार राजधानी पहुंचे। रैली में छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के अध्यक्ष हेमंत सार्वा ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने अपने घोषणापत्र में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती और नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रत्येक शासकीय विद्यालयों में व्यायाम शिक्षा को विषय के रूप में अनिवार्य किया है, लेकिन अब तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इससे प्रदेशभर के प्रशिक्षित युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। आगामी शिक्षक भर्ती के विरोध में प्रदर्शन करने एकजुट हुए हैं। हमारा ये कहना है कि 5 हजार शिक्षक भर्ती की जगह पूर्व घोषणा अनुसार शिक्षक के 57 हजार पदों पर भर्ती की जाये। एक अरसे से प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती नहीं किये जाने से बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवा बेरोजगार हैं।

पिछले 2 साल से सरकार को लगातार ज्ञापन के माध्यम से व्यायाम शिक्षकों की कमी से खेल व खिलाड़ियों की खराब दशा बताने के बाद भी इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। इस ओर जल्द ध्यान दिया जाये।

### प्रमुख मांगें

- आगामी 5 हजार शिक्षक भर्ती का विरोध, पूर्व घोषणा अनुसार शिक्षक के 57 हजार पदों पर भर्ती की जाये।
- प्रदेश में 20 हजार व्यायाम शिक्षक के खाली पदों को शीघ्र भरने की मांग।
- उच्च और उच्चतर विद्यालयों में 2023 के आंकड़े अनुसार 948 रिक्त पद और 150 अतिशेष पद व्यायाम शिक्षक के खाली हैं, उन पर भर्ती की कार्यवाही हो।
- वर्तमान में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर व्यायाम शिक्षा विषय पढ़ाने के लिए सहायक शिक्षकों को दिए जा रहे ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग।

# संतोषी नगर चौक से माता कौशल्या विहार चौक तक हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन 6 और जोन 10 की टीम ने मुख्यालय उड़नदस्ता के साथ शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। संतोषी नगर चौक के कौशिल्या विहार चौक तक अवैध रूप से लगाये जा रहे ठेले, गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की इसके साथ ही कौशिल्या विहार गेट पर अवैध सब्जी दुकानों को हटाया गया। शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा देने निगम अमले ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव और जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के मार्गदर्शन में संतोषी नगर चौक से कौशिल्या विहार चौक तक मुख्य में सुव्यवस्थित यातायात कायम करने अवैध चिकन-मटन दुकान, अवैध बोर्ड, ठेले, गुमटी,अवैध शेड को हटाने जेसीबी मशीन की सहायता ली गयी। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान स्थल पर पुलिस बल की मौजूदगी रही।

राजातालाब में किराए का मकान लेकर झाड़ू-पोंछा का काम करती है महिला

# हंसिया से पत्नी पर ताबड़तोड़ वार, घटना का वीडियो वायरल

## हंसिया के वार से दूधमुंहे बच्चे को भी जख्म आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पति से अलग रहने वाली पत्नी पर हंसिया से ताबड़तोड़ वार करने का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी युवक घर के बाहर दूधमुंहे बच्चे के साथ खड़ी महिला पर हंसिया से अंधाधुंध वार कर घायल कर देता है। हंसिया के वार से बच्चे को भी जख्म आए हैं। महिला की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

राजातालाब में किराए के मकान में रहने वाली चेतनी परमार ने अपने पति मंदिर हसौद निवासी युगांधर



परमार के खिलाफ जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि पति द्वारा आए दिन विवाद तथा मारपीट करने से परेशान होकर वह राजातालाब में किराए का मकान लेकर अलग रहती है। आजिविका चलाने महिला लोगों के घरों में झाड़ू-पोंछा का काम करती है।

### घर चलने से इंकार करने पर हमला

महिला के अनुसार शनिवार को वह राजातालाब के पास एक सायकल दुकान में झाड़ू-पोंछा करने के बाद एक घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान युगांधर ने अपनी पत्नी को अपने साथ मंदिर हसौद चलने के लिए कहा। महिला के इनकार करने पर युगांधर ने पहले अपनी पत्नी की हाथ-मुक्के से पिटाई की। इतने में उसका मन नहीं भरा, तो वह अपने साथ छिपाकर लाए हंसिया से अपनी पत्नी की पीठ, पैर में वार करने लगा। इस दौरान महिला अपने पति के हमले से बचने की कोशिश करती रही। बचने की कोशिश में महिला के गोद में बच्चे को भी जख्म आए हैं।

# आंबेडकर अस्पताल में चोरी का लाइव वीडियो चोर 40 हजार कैश सहित तीन मोबाइल ले उड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर सिक्यूरिटी की सख्त व्यवस्था की गई है। अस्पताल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निजी कंपनी को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। धरातल पर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। यही कारण है, अस्पताल में मरीजों के साथ आए अटेंडर का कैश के साथ मोबाइल तथा अन्य सामान चोरी होना आम बात है। ऐसा ही एक मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जो मरीज के साथ आए अटेंडर के बिस्तर के नीचे रखे लेडीस बैग जिसमें 40 हजार रुपए नकदी तथा तीन मोबाइल थे, बड़े ही इत्मीनान से चोरी कर ले जाते दिख रहा है। पीड़ित ने मौदहापारा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सक्ती, डभरा निवासी केवल साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। केवल ने पुलिस को बताया



है कि उसने अपने एक रिश्तेदार को इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल में 18 जून को भर्ती कराया है, जिसका उपचार जारी है। शुक्रवार देर रात पौने दो बजे के करीब एक चोर आया और आईसीयू मेडिसिन के बाहर सो रहे अटेंडर का बैग तथा मोबाइल चोरी कर ले गया। चोरी करने के बाद चोर बैग से पैसे तथा मोबाइल निकालकर बैग को अस्पताल परिसर की एक बेंच में छोड़कर चला गया। सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद भी पुलिस अब तक चोर की पतासाजी नहीं कर पाई है।

## युक्तियुक्तकरण में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे अधिकारी

**रायपुर।** कांग्रेस नेता अजय साहू ने युक्तियुक्तकरण में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे अधिकारियों पर तंज कसते हुए कहा कि जो विभाग स्वयं मुख्यमंत्री सम्हाल रहे हैं उस विभाग के अधिकारियों द्वारा युक्तियुक्तकरण में नियमों की अवहेलना करना सरकार की कमजोरी को दिखाता है। श्री साहू ने कहा कि रायपुर नगर की ही बात करें तो कई शिक्षक जो ग्रामीण अंचलों में पदस्थ थे तथा जिन्होंने शहर की शालाओं में अपना अटैचमेंट करवा लिया था वे आज भी पहुना बनकर बैठे हुए हैं। वहीं कई शिक्षकों का स्थानांतरण युक्तियुक्तकरण के तहत शहर से बाहर हुआ है, वे अब तक कार्यमुक्त नहीं हुए हैं, जबकि उनका युक्तियुक्तकरण का आदेश निकले सप्ताह ही नहीं, पूरा पखवाड़ा बीत गया है। शिक्षा विभाग की ऐसी लाचारी पहली बार देखने को मिल रही है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**



### जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के रायपुर प्लांट में सामूहिक योग सत्र

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के मशीनरी डिवीजन, रायपुर प्लांट में शनिवार को भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास कर मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई। पेशेवर योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास करते हुए योग के लाभों को प्रत्यक्ष अनुभव किया। प्लांट प्रमुख नीलेश टी. शाह ने अपने संबोधन में कहा, योग केवल व्यायाम नहीं, यह एक जीवन पद्धति है। यह मानसिक शांति, आत्म-अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में पहला कदम है। हम सभी को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### जॉली योग केंद्र में मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



रायपुर। प्रियदर्शनी नगर स्थित जॉली योग केंद्र में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों के बारे में जनजागरूकता फैलाना था।

### पारस इंस्टिट्यूट में सामूहिक योगाभ्यास



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन भाठागांव रायपुर में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7 बजे ओम ध्वनि और प्रार्थना से हुआ। इसके पश्चात योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाई गईं। छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग से इन क्रियाओं को किया और योग के महत्व को गहराई से समझा।



### शिवोम विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने लिया योग करने का संकल्प

**रायपुर।** शिवोम विद्यापीठ के सांकरा, रायपुरा और चंगोराभाठा शाखाओं में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 'मानवता के लिए योग' थीम पर बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अवधेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, योग जीवन जीने की कला है और इसका नियमित अभ्यास हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। मैनेजिंग डायरेक्टर ने योग को निरोग रहने का सहज माध्यम बताया और इसे हर व्यक्ति की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

